(६) अन्त के पूर्व यदि अ (वा) आ हो तो भ्वादि दिवादि और चुरादि गणीय धातुओं के शब्दों मे अ और त के बीच न् आता है क्लीवलिङ्ग की ई विभक्ति अथवा स्त्रीलिङ्ग का ई प्रत्यय परे होने से; तुदादि गणीय धातुमे और अदादि मे आ के पीछे विकल्प करके, और अन्य गणीय धातुओं मे कहीं आता है कहीं नहि यथा (भ्वादि) भवन्ती (दिवादि) दीव्यन्ति (चुरादि) चोरयन्ती (तुदादि) तुदती (वा) तुदन्ती (अदादि) अदती, भाती (वा) भान्ती (स्वादि) सुन्वती, (रुधादि) रुन्धती, (तनादि) तन्वती (क्र्यादि) क्रीणती (वा) क्रीणन्ती

(७) परन्तु अभ्यस्त धातु के शब्दोंमे ई परे होने से न् नहि आता और जस् शस् की ई परे होने से विकल्प करके आता है

(८) उक्त शतृ प्रत्ययान्त शब्दोंके सिवा और सारे अत् प्रत्ययान्त शब्दों के रूप भविष्यत् शब्द की न्याई होते हैं

(९) महत् शब्द का ह युक्त अकार दीर्घ होजाता है इ परे होने से

(१०) सम्बोधन के एक वचन मे नकारान्त शब्द के न का लोप विकल्प करके होता है यथा हे ब्रह्मन्, हे ब्रह्म

(११) अहन् शब्द के रूप विशेष हैं यथा (प्र० द्वि०) अहः, अह्नी (वा) अहनी, अहानि (तृतीयादि स्वर मे) अह्ना इत्यादि (आदिमे) अहोभ्याम् इत्यादि (सुपि) अहःसु (वा) अहस्सु (द्वि० से) अह्नि (वा) अहनि। संख्यावाचक शब्द, वि (वा) साय के साथ अहन् का समास होने से अकारान्त पुंलिङ्ग की न्याई रूप होते हैं यथा सायाह्नः, सायाह्नौ, सायाह्नाः इत्यादि; पर ङि के तीन रूप होते हैं यथा सायाह्ने, सायाह्नि, वा सायाहनि। अन्य शब्दों के साथ समास होने से इस अन्नन्त पुंलिङ्ग की न्याई रूप होते है यथा दीर्घाहा, दीर्घाहानौ, दीर्घाहानः, दीर्घाहानं, दीर्घाह्नः; दीर्घाहोभ्याम्, दीर्घाहःसु, दीर्घाहस्सु।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

पकारान्त-स्वप् शब्द (१)	स्वप्	स्वपी	स्वाम्पि, स्वम्पि
रकारान्त-वार् शब्द (२)	वाः	वारी	वारि
वकारान्त सुदिव् श०	सुद्यु	सुदिवी	सुदिवि
शकारान्त विश शब्द	विट्(वा) विड्	विशी	विंशि
षकारान्त दोष् शब्द	दोः	दोषी	दोंषि
पिपठिष्-शब्द	पिपठीः	पिपठिषी	पिपठिषि
सकारान्त-असन्त पयस्-शब्द	पयः	पयसी	पयांसि
वसन्त-विद्वस् श०	विद्वत्	विदुषी	विद्वांसि
इवसन्त-सेदिवस् श०	सेदिवत्	सेदुषी	सेदिवांसि
ईयसन्त-गरीयस् श०	गरीयः	गरीयसी	गरीयांसि
इसन्त हविस् श० (३)	हविः	हविषी	हवींषि
उसन्त धनुस् श० (४)	धनुः	धनुषी	धनूंषि
सुपुंस शब्द (५)	सुपुम्	सुपुंसी	सुपुमांसि
हकारान्त लिह्-शब्द	लिट्, लिड्	लिही	लिंहि
स्वनडुह्-शब्द	स्वनडुत्-द्	स्वनडुही	स्वनड्वांहि

(१) तृतीयादि मे स्वपा, स्वब्भ्याम् इत्यादि
(२) तृतीयादि मे वारा, वार्भ्याम् इत्यादि
(३) तृतीयादि मे हविषा, हविर्भ्याम् इत्यादि
(४) तृतीयादि मे धनुषा, धनुर्भ्याम् इत्यादि
(५) तृतीयादि मे पुंस शब्दवत्

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

सर्बनाम

रूपों के वैलक्षण्य अनुसार सर्बनाम शब्द सारे पाँच गणों मे विभक्त हैं । यथा; सर्बादि, अन्यादि, पूर्बादि यदादि और इदमादिगण ।

सर्बादि[1] । सर्ब, विश्व, उभ, उभय, भवत्, त्वत्[2] त, एक, एकतर, सम, सिम, नेम ।

अन्यादि । अन्य, अन्यतर, इतर, कतर, कतम्, एकतम, यतर, यतम ।

पूर्बादि । पूर्ब, पर, अवर, अपर, दक्षिण, उत्तर, अधर, अन्तर, स्व ।

यदादि । यद्, तद्, त्यद्, एतद्, किम्, द्वि ।

इदमादि । इदम्, अदस्, युष्मद्, अस्मद् ।

सर्बादि अन्यादि और पूर्बादि अकारान्त सर्बनाम शब्दों के रूप सामान्य अकारान्त शब्द की न्याईं होते हैं; केवल प्रथमा और षष्ठी के बहुवचन मे और चतुर्थी पञ्चमी और सप्तमी के एकवचन मे रूपों का वैलक्षण्य है ।

(१) सर्बादि शब्द अपने अपने मुख्य अर्थों मे हि सर्बनाम होते हैं, गौण अर्थ अथवा संज्ञा मे इन्के रूप पूर्बोक्त नियमानुसार साधारण होते हैं । द्वन्द समास, तृतीया तत्पुरुष समास, अथवा तृतीया समास के अर्थ मे भी ये सर्बनाम नहि होते गौण अर्थ यथा अति सर्बाय जितं सर्बं येन तस्मै जितसर्बाय इत्यादि संज्ञा यथा, सर्बाय शिवाय; द्वन्द समासे यथा वर्णाश्रमेतराणाम्; तृतीया तत्पुरुषे यथा कालावराय; तृतीया असमासार्थे यथा कालेन पूर्बाय इत्यादि । मुख्य अर्थ इन्के ये हैं; (सर्ब विश्व) सब (उभ दोनों उभय) दो अवयव वाला (भवत्) आप (त्वत्, त्व) अन्य (एक) कोई (एकतर) दोनो मे से एक (सम) सब (सिम) पूरा (नेम) आधा (अन्य) दूसरा (अन्यतर) और कोई (इतर) दूसरा (कतर) दोनो में से कौन (कतम) बहुतों मे से कौन (एकतम) बहुतों मे से एक (यतर) दोनों मे से जो (यतम) बहुतों मे से जो (पूर्ब) पहिला, पूर्ब दिशा वा देश (पर) पिछला काल, दिशा वा देश (अवर) पिछला, पश्चिम (अपर) दूसरा, उरला (दक्षिण) दहना, दक्षिण दिशा (उत्तर) पिछला, उत्तर दिशा (अधर) निचला (अन्तर) बाहिर और आच्छादन (स्व) अपना, परज्ञाति वा धन नहि (यद्) जो (तद्, त्यद्) वह, सो (एतद्) यह (किम्) क्या, कौन (द्वि) दो (इदम्) यह (अदस्) वह (अस्मद्) मैं (युष्मद्) तुम ।

* पर द्वन्द होने से भी जस् विभक्ति मे सर्बादिगण विकल्प करके सर्बनाम होते हैं

(२) (वा) त्व

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

सर्वादिगण

सर्व-शब्द

पुंलिङ्ग

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	सर्वः	सर्वौ	सर्वे
द्वितीया	सर्वम्	सर्वौ	सर्वान्
तृतीया	सर्वेण	सर्वाभ्याम्	सर्वैः
चतुर्थी	सर्वस्मै	सर्वाभ्याम्	सर्वेभ्यः
पञ्चमी	सर्वस्मात्	सर्वाभ्याम्	सर्वेभ्यः
षष्ठी	सर्वस्य	सर्वयोः	सर्वेषाम्
सप्तमी	सर्वस्मिन्	सर्वयोः	सर्वेषु

क्लीबलिङ्ग

प्रथमा	सर्वम्	सर्वे	सर्वाणि
द्वितीया	सर्वम्	सर्वे	सर्वाणि

तृतीयादि विभक्तियों मे पुंलिङ्ग की न्याई।

स्त्रीलिङ्ग

प्रथमा	सर्वा	सर्वे	सर्वाः
द्वितीया	सर्वाम्	सर्वे	सर्वाः
तृतीया	सर्वया	सर्वाभ्याम्	सर्वाभिः
चतुर्थी	सर्वस्यै	सर्वाभ्याम्	सर्वाभ्यः
पञ्चमी	सर्वस्याः	सर्वाभ्याम्	सर्वाभ्यः
षष्ठी	सर्वस्याः	सर्वयोः	सर्वासाम्
सप्तमी	सर्वस्याम्	सर्वयोः	सर्वासु

विश्व उभय त्व एक[1] एकतर सम सिम नेम[2] इन सब शब्दों के रूप सर्व शब्द की न्याई हैं

उभ शब्दः केवल द्विवचन है, इस्के रूप भी उक्त प्रकार। कोइयों के मत मे उभयशब्द का द्विवचन नहिं है।

(१) संख्या मे एक शब्द का द्विवचन, बहुवचन नहिं।

(२) पुंलिङ्ग जस् विभक्ति मे नेम का रूप विकल्प करके नेमाः भी होता है।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

भवत् शब्द के रूप वत प्रत्ययान्त शब्द की न्याईं होते हैं और स्त्रीलिङ्ग मे नदी शब्द की न्याईं यथा

(पुं) भवान्, भवन्तौ, भवन्तः, भवन्तं, भवन्तौ, भवतः, भवता, भवद्भ्याम् इत्यादि

(स्त्री) भवती, भवत्यौ, भवत्यः (क्लीब) भवत्, भवती, भवन्ति इत्यादि

त्वत् शब्द को कोई तकारान्त मानते हैं और कोई अकारान्त अर्थात् त्व; अकारान्त होने से इसके रूप सर्व शब्द की न्याईं होंगे, तकारान्त होने से भूभृत् की न्याईं

अन्यादि

अन्यादि शब्दों के रूप सर्वादि की न्याईं होते हैं; केवल क्लीब लिङ्ग की प्रथमा और द्वितीया के एकवचन मे अन्नम् के स्थान मे त् द् होजाता है यथा अन्यत्, अन्यद्, अन्यतरत् द् इत्यादि

पूर्वादि

पूर्वादि शब्द के रूप भी सर्वादि की न्याईं होते हैं केवल इतना विशेष है कि पुंलिङ्ग के जस्, ङसि, ङि, विभक्तियों मे विकल्प करके सामान्य अकारान्त शब्द की न्याईं भी रूप होते हैं यथा पूर्वे (वा) पूर्वाः पूर्वस्मात् (वा) पूर्वात्, पूर्वस्मिन् (वा) पूर्वे इत्यादि

यदादि

यदादि शब्द अकारान्त होजाते हैं यथा य, त, त्य, एत[(१)], क, इ और इनके रूप सर्वादि की न्याईं होते हैं; केवल इतना विशेष है कि क्लीबलिङ्ग की प्रथमा और द्वितीया के एकवचन मे अन्नम् के स्थान मे द् (वा) त् होता है पर किम् शब्द का किम हि रहता है और प्रथमा के एकवचन मे तद्, त्यद्, एतद् के पुंलिङ्ग मे सः स्यः एषः और स्त्री लिङ्ग मे सा स्या एषा ये रूप होते हैं।

द्वि[(२)] शब्द का केवल द्विवचन है ॥

(१) जब किसी वाक्य मे एक वार "एत" आचुका हो और द्वितीय वार उसकी फेर विवक्षा हो तो उस वार एत के स्थान मे एन भी होजाता है द्वितीया मे तृतीया के एकवचन मे और षष्ठी के द्विवचन मे अर्थात् (पुं) एनं, एनौ, एनान्, एनेन, एनयोः (स्त्री) एनां, एने, एनाः, एनया, एनयोः (क्लीब) एनत्, एनद्, एने, एनानि इत्यादि। यथा "एतेन व्याकरणमधीतमेनं हितोपदेशं पाठय"

(२) परन्तु अय, तय, तीय प्रत्यय लगने से द्वि, त्रि शब्द के सब वचन होते हैं, पर पुंलिङ्ग की जस् विभक्ति मे अय तय प्रत्ययान्त के रूप सर्व की न्याईं भी होंगे और नर की न्याईं भी यथा द्वये (वा) द्वयाः; त्रये (वा) त्रयाः; द्वितये (वा) द्वितयाः; त्रितये (वा) त्रितयाः और द्वितीय, तृतीय शब्दों के चतुर्थी, पञ्चमी और सप्तमी के एक वचन मे दो दो रूप होंगे यथा द्वितीयस्मै (वा) द्वितीयाय, द्वितीयस्मात् (वा) द्वितीयात्, द्वितीयस्मिन् (वा) द्वितीये, (स्त्री) द्वितीयस्यै (वा) द्वितीयायै, द्वितीयस्याः (वा) द्वितीयायाः, द्वितीयस्याम् (वा) द्वितीयायाम्।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

इदमादि

इदमादि प्रत्येक शब्द के रूप पृथक् पृथक् हैं यथा;

इदम्-शब्द

पुंलिङ्ग

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	अयम्	इमौ	इमे
द्वितीया	इमम्	इमौ	इमान्
तृतीया	अनेन	आभ्याम्	एभिः
चतुर्थी	अस्मै	आभ्याम्	एभ्यः
पञ्चमी	अस्मात्	आभ्याम्	एभ्यः
षष्ठी	अस्य	अनयोः	एषाम्
सप्तमी	अस्मिन्	अनयोः	एषु

क्लीबलिङ्ग

प्रथमा, द्वितीया	इदम्	इमे	इमानि

तृतीयादि विभक्तियों मे पुंलिङ्ग की न्याई

स्त्रीलिङ्ग

	ए॰	द्वि॰	ब॰
प्रथमा	इयम्	इमे	इमाः
द्वितीया	इमाम्	इमे	इमाः
तृतीया	अनया	आभ्याम्	आभिः
चतुर्थी	अस्यै	आभ्याम्	आभ्यः
पञ्चमी	अस्याः	आभ्याम्	आभ्यः
षष्ठी	अस्याः	अनयोः	आसाम्
सप्तमी	अस्याम्	अनयोः	आसु

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

अदस्-शब्द

पुंलिङ्ग

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	असौ	अमू	अमी
द्वितीया	अमुम्	अमू	अमून्
तृतीया	अमुना	अमूभ्याम्	अमीभिः
चतुर्थी	अमुष्मै	अमूभ्याम्	अमीभ्यः
पञ्चमी	अमुष्मात्	अमूभ्याम्	अमीभ्यः
षष्ठी	अमुष्य	अमुयोः	अमीषाम्
सप्तमी	अमुष्मिन्	अमुयोः	अमीषु

क्लीवलिङ्ग

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा, द्वितीया	अदः	अमू	अमूनि

स्त्रीलिङ्ग

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	असौ	अमू	अमूः
द्वितीया	अमूम्	अमू	अमूः
तृतीया	अमुया	अमूभ्याम्	अमूभिः
चतुर्थी	अमुष्यै	अमूभ्याम्	अमूभ्यः
पञ्चमी	अमुष्याः	अमूभ्याम्	अमूभ्यः
षष्ठी	अमुष्याः	अमुयोः	अमूषाम्
सप्तमी	अमुष्याम्	अमुयोः	अमूषु

युष्मद्-शब्द

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	त्वम् (१)	युवाम् (१)	यूयम् (१)
द्वितीया	त्वाम्, त्वा	युवाम्, वाम्	युष्मान्, वः
तृतीया	त्वया	युवाभ्याम्	युष्माभिः
चतुर्थी	तुभ्यम्, ते	युवाभ्याम्, वाम्	युष्मभ्यम्, वः

(१) च, वा, एवं, इन तीन अव्ययों के योग मे युष्मद् शब्द के-त्वा, ते, वाम्, वः और अस्मद् शब्द के मा, मे, नौ, नः, इन पदों का प्रयोग नहिं होता। यथा गुरुः कृपया त्वां मां च उपदिशति—

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

	ए॰	द्वि॰	ब॰
पञ्चमी	त्वत्	युवाभ्याम्	युष्मत्
षष्ठी	तव, ते	युवयोः, वाम्	युष्माकम्, वः
सप्तमी	त्वयि	युवयोः	युष्मासु

अस्मद्-शब्द

प्रथमा	अहम्	आवाम्	वयम्
द्वितीया	माम्, मा	आवाम्, नौ	अस्मान्, नः
तृतीया	मया	आवाभ्याम्	अस्माभिः
चतुर्थी	मह्यम्, मे	आवाभ्याम्, नौ	अस्मभ्यम्, नः
पञ्चमी	मत्	आवाभ्याम्	अस्मत्
षष्ठी	मम, मे	आवयोः, नौ	अस्माकम्, नः
सप्तमी	मयि	आवयोः	अस्मासु

युष्मद् अस्मद् शब्दों के रूप तीनों लिङ्गों मे एक से हैं

सकदाचिदपि तव मम च वचनं नस्पृशोति; तदाश्रयं विना युवयोरावयोश्च गतिर्नास्ति; तेनैवं क्रियमाणे युष्माकमस्माकंच का हानिः, इन स्थलों मे त्व मा च उपदिशति इत्यादि नहि होंगे। इसी प्रकार वा और एव के योग मे भी वाक्य के अथवा श्लोक पाद के आरम्भ मे भी इन पदों का प्रयोग नहि होता, यथा (वाक्यारम्भे) तव पुस्तकं गृहाण, मम पुस्तकं देहि, युष्माकं प्रीतिर्वर्द्धते, अस्माकं सकाशमागच्छ, इन स्थलों मे ते पुस्तकं गृहाण इत्यादि प्रयोग नहि होंगे। (श्लोकपादारम्भे) त्वां सरतति यत्नेन, मां सद्वेष्टि निरन्तरम्, तवैव दोषो नैवात्र, मम दोषोऽस्ति कश्चन। इस श्लोक मे त्वा, मा, ते, मे नहि होंगे गौण युष्मद्, अस्मद् शब्दों के रूप विलक्षण हैं यथा

(त्वामतिक्रान्तः) अतियुष्मत् शब्द

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	अतित्वम्	अतित्वाम्	अतियूयम्
द्वितीया	अतित्वाम्	अतित्वाम्	अतित्वान्
तृतीया	अतित्वया	अतित्वाभ्याम्	अतित्वाभिः
चतुर्थी	अतितुभ्यम्	अतित्वाभ्याम्	अतित्वभ्यम्
पञ्चमी	अतित्वत्	अतित्वाभ्याम्	अतित्वत्
षष्ठी	अतितव	अतित्वयोः	अतित्वाकम्
सप्तमी	अतित्वयि	अतित्वयोः	अतित्वासु

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

(युवामतिक्रान्तः) अतियुष्मत् शब्द

प्रथमा	अतित्वम्	अतियुवाम्	अतियूयम्
द्वितीया	अतियुवाम्	अतियुवाम्	अतियुवान्
तृतीया	अतियुवया	अतियुवाभ्याम्	अतियुवाभिः
चतुर्थी	अतितुभ्यम्	अतियुवाभ्याम्	अतियुवभ्यम्
पञ्चमी	अतियुवत्	अतियुवाभ्याम्	अतियुवत्
षष्ठी	अतितव	अतियुवयोः	अतियुवाकम्
सप्तमी	अतियुवयि	अतियुवयोः	अतियुवासु

(युष्मानतिक्रान्तः) अतियुष्मत् शब्द

प्रथमा	अतित्वम्	अतियुष्माम्	अतियूयम्
द्वितीया	अतियुष्माम्	अतियुष्माम्	अतियुष्मान्
तृतीया	अतियुष्मया	अतियुष्माभ्याम्	अतियुष्माभिः
चतुर्थी	अतितुभ्यम्	अतियुष्माभ्याम्	अतियुष्मभ्यम्
पञ्चमी	अतियुष्मत्	अतियुष्माभ्याम्	अतियुष्मत्
षष्ठी	अतितव	अतियुष्मयोः	अतियुष्माकम्
सप्तमी	अतियुष्मयि	अतियुष्मयोः	अतियुष्मासु

(मामतिक्रान्तः) अत्यस्मद् शब्द

	एकव·	द्विव·	बहुव·
प्रथमा	अत्यहम्	अतिमाम्	अतिवयम्
द्वितीया	अतिमाम्	अतिमाम्	अतिमान्
तृतीया	अतिमया	अतिमाभ्याम्	अतिमाभिः
चतुर्थी	अतिमह्यम्	अतिमाभ्याम्	अतिमभ्यम्
पञ्चमी	अतिमत्	अतिमाभ्याम्	अतिमत्
षष्ठी	अतिमम	अतिमयोः	अतिमाकम्
सप्तमी	अतिमयि	अतिमयोः	अतिमासु

(आवामतिक्रान्तः) अत्यस्मद् शब्द

प्रथमा	एकव·	द्विव·	बहुवचन
प्रथमा	अत्यहम्	अत्यावाम्	अतिवयम्
द्वितीया	अत्यावाम्	अत्यावाम्	अत्यावान्
तृतीया	अत्यावया	अत्यावाभ्याम्	अत्यावाभिः
चतुर्थी	अतिमह्यम्	अत्यावाभ्याम्	अत्यावभ्यम्
पञ्चमी	अत्यावत्	अत्यावाभ्याम्	अत्यावत्
षष्ठी	अतिमम	अत्यावयोः	अत्यावाकम्
सप्तमी	अतिमयि	अत्यावयोः	अत्यावासु

(अस्मानतिक्रान्तः) अत्यस्मद् शब्द

प्रथमा	अत्यहम्	अत्यस्माम्	अतिवयम्
द्वितीया	अत्यस्माम्	अत्यस्माम्	अत्यस्मान्
तृतीया	अत्यस्मया	अत्यस्माभ्याम्	अत्यस्माभिः
चतुर्थी	अतिमह्यम्	अत्यस्माभ्याम्	अत्यस्मभ्यम्
पञ्चमी	अत्यस्मत्	अत्यस्माभ्याम्	अत्यस्मत्
षष्ठी	अतिमम	अत्यस्मयोः	अत्यस्माकम्
सप्तमी	अत्यस्मयि	अत्यस्मयोः	अत्यस्मासु

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

संख्या वाचक

एक शब्द-एकवचनान्त

एक शब्द तीनो लिङ्गो मे सर्व शब्द की न्याई है

द्वि शब्द-द्विवचनान्त

	पुंलिङ्ग	क्लीवलिङ्ग और स्त्री लिङ्ग
प्रथमा	द्वौ	द्वे
द्वितीया	द्वौ	द्वे
तृतीया	द्वाभ्याम्	द्वाभ्याम्
चतुर्थी	द्वाभ्याम्	द्वाभ्याम्
पञ्चमी	द्वाभ्याम्	द्वाभ्याम्
षष्ठी	द्वयोः	द्वयोः
सप्तमी	द्वयोः	द्वयोः

त्रि शब्द-बहुवचनान्त

	पुंलिङ्ग	क्लीवलिङ्ग	स्त्री लिङ्ग
प्रथमा	त्रयः	त्रीणि	तिस्रः
द्वितीया	त्रीन्	त्रीणि	तिस्रः
तृतीया	त्रिभिः	त्रिभिः	तिसृभिः
चतुर्थी	त्रिभ्यः	त्रिभ्यः	तिसृभ्यः
पञ्चमी	त्रिभ्यः	त्रिभ्यः	तिसृभ्यः
षष्ठी	त्रयाणाम्	त्रयाणाम्	तिसृणाम्
सप्तमी	त्रिषु	त्रिषु	तिसृषु

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

चतुर् शब्द-बहुवचनान्त

	पुंलिङ्ग	क्लीबलिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग
प्रथमा	चत्वारः	चत्वारि	चतस्रः
द्वितीया	चतुरः	चत्वारि	चतस्रः
तृतीया	चतुर्भिः	चतुर्भिः	चतसृभिः
चतुर्थी	चतुर्भ्यः	चतुर्भ्यः	चतसृभ्यः
पञ्चमी	चतुर्भ्यः	चतुर्भ्यः	चतसृभ्यः
षष्ठी	चतुर्णाम्	चतुर्णाम्	चतसृणाम्
सप्तमी	चतुर्षु	चतुर्षु	चतसृषु

(पञ्चन्, षष्, सप्तन् और अष्टन् शब्द — तीनों लिङ्गों में समान हैं)

पञ्चन् शब्द-बहुवचनान्त

प्र.	द्वि.	तृ.	च.	पं.	ष.	स.
पञ्च,	पञ्च,	पञ्चभिः,	पञ्चभ्यः,	पञ्चभ्यः,	पञ्चानाम्,	पञ्चसु

षष् शब्द-बहुवचनान्त

प्र.	द्वि.	तृ.	च.	पं.	ष.	स.
षट्	षट्	षड्भिः	षड्भ्यः	षड्भ्यः	षण्णाम्	षट्सु

सप्तन् शब्द-पञ्चन् की न्याईं

अष्टन् शब्द-बहुवचनान्त

प्र.	द्वि.	तृ.	च.	पं.	ष.	स.
अष्टौ(वा)	अष्टौ,	अष्टाभिः	अष्टाभ्यः	अष्टाभ्यः	अष्टानाम्	अष्टासु
अष्ट	अष्ट	अष्टभिः	अष्टभ्यः	अष्टभ्यः		अष्टसु

नवन् दशन् प्रभृति सारे नकारान्त संख्यावाचक शब्दों के रूप पञ्चन् की न्याईं होते हैं।

इन के सिवा[1] और जितने संख्यावाचक शब्द हैं सबों के रूप उनके लिङ्ग और अन्त्य वर्ण के अनुसार यथा नियम होते हैं। यथा; विंश-

(१) ये शब्द भी समासान्त गौण होने से इनके रूप, लिङ्ग और अन्त्य वर्ण के अनुसार होते हैं यथा प्रियत्रिः मनुष्यः (अर्थात् तीन पियारे हों जिसको वह मनुष्य) प्रियत्रिः स्त्री, प्रियत्रिकुलं, प्रियतिस्रौ मनुष्यौ (अर्थात् जिन दो मनुष्यों को तीन स्त्रीयें प्यारी हों) प्रियतिस्रकुलं। समासान्त चतुर् को चत्वार् होजाता है सु, अम्, औ विभक्तियों मे यथा प्रियचत्वाः, प्रियचत्वारौ, प्रियचत्वारः; प्रियचत्वारम्, प्रियचत्वारौ, प्रियचतुरः; प्रियचतुरा इत्यादि।
समासान्त षष् शब्द के षान्त शब्द की न्याईं रूप होते हैं। नान्त संख्या वाचक शब्द उत्तर पद होने से, उनके रूप अनन्त शब्द की न्याईं होते हैं, पर समासान्त अष्टन् शब्द के रूप अनन्त की न्याईं भी होते हैं और विकल्प करके हाहा शब्द की न्याईं, और बहुवचन मे सामान्य अष्टन् की न्याईं भी होते हैं। यथा (प्र.) प्रियाष्टा, प्रियाष्टानौ, प्रियाष्टानः (अथवा) प्रियाष्टाः, प्रियाष्टौ, प्रियाष्टाः (वा) प्रियाष्टौ (द्वि) प्रियाष्टानम्, प्रियाष्टानौ, प्रियाष्टनः, (अथवा) प्रियाष्टाम्। प्रियाष्टौ प्रियाष्टाः प्रियाष्टान् (वा) प्रियाष्टौ, (तृ.) प्रियाष्टना, प्रियाष्टभ्याम्, प्रियाष्टभिः (अथवा) प्रियाष्टाभ्याम्, प्रियाष्टाभिः इत्यादि।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

ति, षष्टि, सप्तति, अशीति, नवति प्रभृति शब्द स्त्रीलिङ्ग और इकारान्त हैं, इनके रूप मति शब्द की न्याई होते हैं। त्रिंशत्, चत्वारिंशत्, पञ्चाशत् शब्द तकारान्त और स्त्रीलिङ्ग हैं, इनके रूप भूभृत् शब्द की न्याई होते हैं। शत, सहस्र प्रभृति शब्द अकारान्त और क्लीव लिङ्ग हैं इनके रूप फल शब्द की न्याई होते हैं; विंशति अवधि सारे संख्या वाचक शब्द एकवचनान्त हैं, बहुवचन के विशेषण होने से भी इन्का एकवचनान्त हि प्रयोग होता है। यथा विंशतिः पुरुषाः, त्रिंशत् स्त्रियः, सहस्रं फलानि इत्यादि (१)

विशेष्य विशेषण

जिससे केवल किसी वस्तु वा व्यक्ति का बोध हो उसको विशेष्य पद कहते हैं। यथा, गृहम्, जलम्, वृक्षः, लता, नौका, वस्त्रम्, पुस्तकम्, पृथिवी, चन्द्रः, सूर्य्यः, नक्षत्रम्, शिशुः इत्यादि जिस से विशेष्य की अवस्था और गुण जाना जाय उस को विशेषण पद कहते हैं। विशेषण पद प्राय विशेष्य के पूर्व होता है; यथा नूतनं गृहम्, निर्म्मलं जलम्, फलवान् वृक्षः, पुष्पिता लता, भग्ना नौका, छिन्नं वस्त्रम्, उत्तमं पुस्तकं, गोलाकारा पृथिवी, शीतलः चन्द्रः, प्रदीप्तः सूर्य्यः, उज्ज्वलं नक्षत्रं, धार्म्मिकः पुरुषः, सुशीलः शिशुः।

विशेष्य शब्द कोई पुंलिङ्ग, कोई स्त्रीलिङ्ग और कोई क्लीव लिङ्ग हैं। विशेष्य शब्द का जो लिङ्ग, विशेषण शब्द का भी वही लिङ्ग होता है; यथा, सुन्दरः शिशुः, सुन्दरी कन्या, सुन्दरं गृहम्, उज्ज्वलः शशी, उज्ज्वलं नक्षत्रम्, उज्ज्वला दीपशिखा, बुद्धिमान् पुरुषः, बुद्धिमती स्त्री, निर्म्मला बुद्धिः, निर्म्मलं जलम् ॥

विशेष्य पद का जो वचन हो विशेषण पद का भी वही वचन होता है, अर्थात् विशेष्य पद एकवचनान्त हो तो विशेषण पद भी एकवचनान्त होता है, विशेष्य पद द्विवचनान्त हो तो विशेषण पद भी द्विवचनान्त होता है, विशेष्य पद बहुवचनान्त हो तो विशेषण पद भी बहुवचनान्त होता है, यथा बलवान् सिंहः, बलवन्तौ सिंहौ, बलवन्तः सिंहाः; वेगवती नदी, वेगवत्यौ नद्यौ, वेगवत्यः नद्यः, निविडं वनम्, निविडे वने, निविडानि वनानि।

विशेष्य पद की जो विभक्ति विशेषण पद की भी वही विभक्ति होती है; यथा सुन्दरः शिशुः, सुन्दरं शिशुम्, सुन्दरेण शिशुना, सुन्दराय शिशवे, सुन्दरात् शिशोः, सुन्दरस्य शिशोः, सुन्दरे शिशौ, निर्म्मलं जलम्, निर्म्मलेन जलेन, निर्म्मलाय जलाय, निर्म्मलात् जलात्, निर्म्मलस्य जलस्य, निर्म्मले जले,

(१) परन्तु जहां किसी संख्या का द्विगुण, बहुगुण अर्थ हो वहां द्विवचन, बहुवचन भी हो जाता है यथा विंशती, विंशतयः शतानि, सहस्राणि इत्यादि। कहीं [illegible] बहुवचन देखा जाता है यथा "पञ्चा

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

अव्यय शब्द

अव्यय शब्दों के उत्तर सब विभक्तियों का लोप होजाता है, और उनका रूप जैसा का वैसा रहता है (१) इसीलिये उनको अव्यय कहते हैं। अव्यय बहुत हैं, पर जो व्याकरणों में प्रायशः गिने गए हैं और जो व्यवहार में आते हैं उनको अर्थ के साथ नीचे लिखते हैं

अव्यय	अर्थ	अव्यय	अर्थ
अ	संबोधन, निषेध, अधिक्षेप, अभाव	अत्र	यहां
		अथ, अथो	इससे, अनन्तर, अब
अकस्मात्	अचानचक	अथकिम्	फेर कैसे, हां
अग्रतस्	पहिले	अथवा	वा, या
अग्रे	पहिले	अद्द (३)	आश्चर्य प्रभृति द्योतक
अङ्ग	सम्बोधन	अद्धा	सचमुच
अङ्के	सम्बोधन, पुनरर्थ	अद्य	आज
अचिरम्, अचिरात्, अचिरेण	शीघ्र	अद्यत्वे	अब
अजस्रम्	लगातार	अध, अधस्, अधस्तात्	नीचे
अज्ञानतस्	नजानकर		
अञ्जसा	शीघ्र	अधि (३)	अधिकार, गति (४)
अतस्	इससे, इसकारण	अधुना	अब
अति (३) (२)	अतिक्रम	अनु (३)	पश्चात्
अतीव	बहुत		

(१) पर अन्तस् र् का विसर्ग तो हो हि जाता है पदान्त अथवा हल परे होने से
(२) [illegible]

(१) इस अव्यय के आगे करण क्रिया लगता है
(२) अपि के अकार का कहीं विकल्प करके लोप भी होजाता है यथा अपिधानं वा पिधानं वा सम्भावना, निन्दा, प्रश्न, ज्ञा और समुच्चय अर्थों में अपि की उपसर्ग संज्ञा नहिं होती
(३) इस अव्यय के आगे हो जाता लगता है भूषण अर्थ में
(४) अव के आदि अकार का कहीं विकल्प करके लोप भी होजाता है यथा अवगाहः (वा) वगाहः

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

ऋधक्	सत्यम्
ॠ	वाक्यारम्भ, रक्षा, निन्दा, भय
ऌ	देवमाता, भूमि, पर्वत
ॡ	देवनारी, नार्यान्या, माता
ए	सम्बोधन, स्मृति, असूया, अनुकम्पा, आमन्त्रण
एकत्र	एकस्थान में, इकट्ठे
एकदा	एकसमय
एकधा	एकबार, एकप्रकार
एकपदे	अकस्मात्, एकबारहि
एतर्हि	अब
एव	हि, केवल, भी
एवम्	ऐसे, इसीप्रकार, और
एहि	आओ, आरम्भकरो
ऐ	सम्बोधन, स्मरण, आमन्त्रण
ओ	सम्बोधन, स्मरण, अनुकम्पा
ओं	प्रणव, ईश्वरका एकशब्द, हां
औ	सम्बोधन, विरोध, निर्णय
कम्	जल, शिर, सुख, मङ्गल
कच्चन कच्चित्	क्या जो, क्योंकर जो, जो कभी
कथम्	कैसे, क्योंकर
कथञ्चन कथञ्चित्	किसी प्रकार से
कथन्नाम	क्योंकर नव
कथाच	अनादर

कदा	कब
कदाचित्	कभी
कर्हि	कब
कर्हिचित्	किसी समय
कवाली केवाली केवासी	(भूतः) मारा गया
का कु	(१) खोटा अर्थ द्योतक
किङ्किल	क्या सच
किन्नु	और
किञ्चन किञ्चित्	कुछ
किम्	प्रश्नबोधक शब्द
किन्तु	परन्तु, पर, भी
किन्नु	परक्या, पर क्योंकर
किमु	क्या
किमु किमुत	तो क्या
किमुत	या क्या
किमुह	क्या, क्योंकर
किंवा	अथवा, या
किंस्वित्	स्याद्, या ऐसा होगा, या शायद
किल	निस्सन्देह, निश्चय, पादपूर्णार्थ शब्द
कुतस्	कहां से क्योंकर
कुत्र	कहां

(१) ये नाम के आगे लगते हैं, यथा, कापुरुष, कोष्ण, कुकर्म

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

कुत्रचित्	कहीं
कुविद्	बहुत, प्रशंसा
कुषत् / कूपत्	बहुत अच्छे प्रकार से
कृतम्	बहुत हुआ, बस
क्व	कहां
क्वचित्	कहीं
क्षमा	सहिष्णुता, अपराध मार्जना
खलु	निश्चय, पादपूरणार्थ शब्द
च	और, पादपूरणार्थ शब्द
चनस्	अन्न
चन / चित् (१)	सामान्य अर्थ द्योतक प्रत्यय
चिरम् (२)	बहुत काल
चिरात्राय	बहुत काल से
चेत्	जो
चैव	और भी
जातु	कभी
जोषम्	चुपचाप, सुख से
ज्योक्	शीघ्र, भूयः
झगिति / झटिति	शीघ्र
तत (तद्)	इसलिये, तब
ततस्	वहां से
तत्र	वहां

तथा	वैसे, तैसे, और
तथाहि	जैसे दिखलाया गया
तथैव	वैसे हि, उसी प्रकार
तदा / तदानीम्	तब
तस्मात्	उस लिये
तर्हि	तब
तावत्	सारा, यहां तक, इतना
ताली (भूतः)	फैला हुआ
तिरस् / तिर्यक्	टेढ़ा, तिर्छा
तु	तो, पर पादपूरणार्थ शब्द
तुम्	किसी को तुम कहना
तूष्णीकाम् / तूष्णीम्	चुपचाप
तेन	तिस से, तिस लिये
त्वै	पर, क्यों कर, विशेष, वितर्क
दिवा	दिन
दिष्ट्या	भाग्य से
दुःसमम् / दुष्ठु	बुराई से, कष्ट से
दुर् (३)	दुर्गति, कष्ट
दूरम्	दूर
दोषा	सन्ध्या के समय
घ	हिंसा, प्रातिलोम्य पादपूरणार्थ शब्द
द्वै	वितर्क
द्राक् / द्राङ्	शीघ्र

(१) ये किम् प्रभृति शब्दों के आगे लगते हैं।

(२) विभक्त्यन्त होकर भी यह शब्द अव्यय होता है: यथा, चिराय, चिरेण, चिरात्, चिरस्य, चिरे।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

धिक्	धिक्कार, घृणा
न, नञ्	नहिं, न
नकिम्, नकीम्, नकिर्	वर्ज्जन, कुछ नहिं
नक्तम्	रात
नतु	पर नहिं
ननु	जो
नमस्	नमस्कार
नवा	या नहिं, जो नहिं
नवरम्	केवल
नह	न, प्रत्यारम्भ
नहि	न
नाना	बहुतेरे
नाम	प्रकाश्य, सम्भावना, क्रोध, उपगम, कुत्सन, निन्दन, विस्मय, स्मरण, विकल्प
नास्ति	न होना
नि (उ)	बहुत करके, बीच, नीचे, विरुद्ध
निकषा	निकट
निकामम्	इच्छापूर्वक, नवीन, बहुत
निर् (उ)	निर्गत, रहित
नीचैस्	नीचे, अल्प
नु	जो, सन्देह, पादपूरणार्थशब्द

नुकम्	वा, या
नुवा	शायद, या जो
नूनं	निश्चय
नो	नहिं
नोचेत्	जो नहिं
न्वै	शायद, नुवा
परम्	पीछे
परन्तु	किन्तु
परश्वस्	परसों
परा (उ)	उलटा, ऊपर
परि (उ)	चारों ओर
परितस्	चारों ओर से
परेद्यवि, परेद्युस्	परदिन
पर्य्याप्तम्	बहुत होगया, पूर्ण हुआ
पशु	अच्छा, ठीक
पशु (भूतः)	मारा गया
पश्चात्	पीछे
पश्य, पश्यत	देखो
पाट्, प्याट्	सम्बोधन
पाणौ (करणं)	विवाह
पुनर्	फेर
पुरतस्, पुरस्, पुरस्तात्	साम्हने, आगे, पहिले
पुरा	पहिले, पूर्व

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

पूर्वेद्युस	पहिलेसे	बहिस्	बाहर
पूर्वेद्युस	पहिलेदिन,कलसे पहिलादिन	भवन्	होवो
पृथक्	अलग,स्वतन्त्र	भगोस्, भोस्	सम्बोधन
प्र (उ)	पहिला;प्रकर्ष	भाजक्	शीघ्र
प्रगे	प्रातःकाल	भुवर्	अन्तरीक्षलोक
प्रतान्	विस्तारसे	भूर्	पृथिवी
प्रताम्, प्रशाम्	थकावट	भूयस्	फेर,वारम्वार,बहुत
		भृशं	बहुत
प्रशान्	सामर्थ्य	मनाक्	थोड़ा
प्रति (उ)	फेर,उलटा,पर,को	मंक्षु	शीघ्र
प्रतिदिनम्	दिन दिन,हररोज़,	मा,माङ्, मास्म	मत,नहि,न
प्रत्युत	उलटा,उसके विरुद्ध		
प्रभाते	प्रातःकाल	माकिम्, माकीम्, माकिर्	नहि,वर्जन
प्रवाह्णिका, प्रवाहुकं	एकसमय,ऊर्द्ध		
प्रसह्य	बलसे	माचिरम्	देरनहो
प्राक्	पहिले	मिथस्, मिथो	आपसमे,परस्पर
प्रातर्	प्रातःकाल		
प्रादुस् (भूत)	प्रकट होना	मिथुर्	जोड़ा
प्राध्वम्	विरुद्ध,लगातार	मिथ्या	झूठ
प्राध्वम् (कृत)	यथाक्रम बांधागया	मुधा	वृथा
प्रायस्	बहुतकरके	मुहुस्	वारम्वार
प्राह्णे	दुपहरके पहिले	मृषा	झूठ
प्रेत्य	मृत्युकेपीछे, परलोकमे	यत (यद्)	जो
फट्	तन्त्रका शब्द	यतस्	जहांसे, जिसलिये
बदि	कृष्णपक्ष	यत्र	जहां
बलवत्, बलात्	बलपूर्वक	यथा	जैसे, अनादर

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

यथा कथाच	किसीप्रकारसे, कभी
यथाक्रम्	एकके पीछे दूसरा
यथा तथा	ठीक, जहां तहां
यदा	जब
यद्वा	वा
यदि	जो
यावत्	जितना, सारा
युक्	बुरा
युक्तम्	ठीक, उचित
युगपत् (पद)	एकसाथ, एकसमय, इकट्ठे
युत्	बुरा
येन	जिसकरके, जिसहेतु
रात्रौ	रातको
रे रै	अवज्ञापूर्वक सम्बोधन
वत्	न्याई, तुल्य
वत	खेद
वषट्	हवनका शब्द
वा	अथवा, या, विकल्प करके
वाह्	हवनका शब्द
वद्	सदृश, जैसा
वाव	केवल
वि (उ)	विशेषकरके, विगत
विना	सिवा, छरते
विभाषा	विकल्पकरके

विष्वक्	सारेमें
विषु	नाना
विहायसा	आकाशमें
वृथा	अनर्थक, मुधा
वेट्	जो, हवनका शब्द
वै	सचमुच, पादपूरणार्थ शब्द
वौषट्	हवनका शब्द
शनैस्	धीरे धीरे
शश्वत्	सदा, नित्य
शुकम्	शीघ्र
श्रद्धा (करणं)	मानना, विश्वासकरना
श्रौषट्	हवनका शब्द
श्वस्	कल, अनागत दिवस
सकृत्	एकबार
सत्तु	शीघ्र
संवत्	बरस
सत्रा सह सहितम् साकम् सार्द्धम्	साथ
सत्	अच्छा, यथार्थ
सत् (कार)	शिष्टाचार, सन्मान
सततम्	सदा
सदा	सर्वदा, नित्य
सद्यस्	त्वरित

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

सनत्, सना, सनात्	सदा, नित्य
सनुतर्	अन्तर्द्धान
सपदि	त्वरित, शीघ्र
सम् (३)	सम्यक्, मिलकर
समन्ततस्	चारों ओरसे, पूरा
समम्	समान, साथ
समया	निकट
समीपम्, समीपे	निकट
समीचीनम्	अच्छा, पूरा
समुपजोषम्	आनन्दसे
सम्प्रति	अब, हालमे
सम्मुखम्	साम्हने
सम्यक्	अच्छा, पूरा
सर्वतस्	सबओर, सबप्रकारसे
सर्वत्र	सबस्थानमे
सर्वदा	सदा
सहसा	शीघ्र, एकबारहि, हड़वड़ीसे
साक्षात्	प्रकाश्यरूपसे, प्रत्यक्ष

साक्षात् (भावः) प्रकाश्य होना	
साचि	टेढ़ेपनसे
सामि	आधा, समान
साम्प्रतम्	अब, ठीकसमयपर
सायम्	सायङ्काल
सु (३)	अच्छा
सुकम्	बहुत
सुचिरम्	बहुतदेरसे
सुदि	शुक्लपक्ष
सुष्ठु	अच्छा
सूपत्	प्रश्न, प्रशंसा (वाचकशब्द)
स्म	भूतकालद्योतक वा पादपूरणार्थक शब्द
स्यात्	जो होवे
स्वधा	पितरोंको दानका शब्द
स्वयम्	आप
स्वर्	स्वर्ग
स्वस्ति	मङ्गल
स्वाहा	देवताओंको हविदान का शब्द
स्वित् (१)	प्रश्न वा सन्देह द्योतक प्रत्यय
स्वी (करणं)	मानना, अङ्गीकार

(३) उपसर्गों के वे अर्थ लिखेगये हैं जो वे प्रायशः द्योतन करते हैं, वस्तुतः उन्के अपने अर्थ नहि, वे धातुओं के साथ मिलकर उन धातुओं के अनेक प्रकार के अर्थ करदेते हैं। कोई २ उपसर्ग स्वतन्त्र भी लगता है, यथा, अति, अधि, अनु, अन्तर, अप, अभि, आ, उप, परि और प्रति।

(१) यह और अव्ययों को लगता है

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

ह	पादपूरणार्थक शब्द, खेद
हा	हर्ष विषाद विस्मय-द्योतक शब्द
हाहा, हाहो	खेद
हन्त	हर्ष, विषाद, अनुकम्पा, वाक्यारम्भ
हि	हि, निश्चय, हेतु, पादपूरणार्थक शब्द
हिम्	चौंक जानेका शब्द
हिरुक्	सिवा, बिना, वर्ज्जन
ही	विस्मय, दुःख, हेतु
हुम्	असन्तोषप्रकाशक हुङ्कार, मन्त्रका शब्द
ह्रीं	मन्त्र का बीजमन्त्र

हे	सम्बोधन
हेतोः, हेतौ	इसलिये, इसकारण
हे, हो, हंहो	सम्बोधन
हुं	मन्त्रका शब्द
ह्यस्	कल्ह, विगतदिवस
इत्यादि (१)	

इति प्रथमभागः

(१) कृदन्त के क्त्वा, तोसुन्, कसुन्, मान्त, ए, ऐ, ओ, औ वर्णान्त प्रत्यय और तद्धित के थाल्, च्वि, शस्, वत्, कृत्वसुच् प्रभृति प्रत्यय जिन शब्दों के आगे लगें वे सब अव्यय होते हैं।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

सरलव्याकरण

संस्कृतका

हिन्दीभाषामें

श्रीनवीनचन्द्ररायकर्तृकप्रणीत

द्वितीयभाग

मित्रविलासयन्त्रलाहौरमें

पण्डितश्रीमुकुन्दरामयन्त्राध्यक्षने छापा

सम्वत् १९२८ विक्रम सन १८७२ ईस्वी

द्वितीयसंस्करण १५०० कापी

मूल्य ।/

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

द्वितीयभाग

अथ आख्यात प्रक्रिया।

१ क्रियावाचक शब्दोंको धातु कहते हैं। यथा भू, स्था, गम, दृश, रुद, हृष, इत्यादि। धातुके उत्तर दश विभक्तियें होतीहैं। यथा लट् १, लोट् २, लङ् ३, विधिलिङ् ४, लृट् ५, लृङ् ६, लुट् ७, आशीर्लिङ् ८, लिट् ९, लुङ् १०। विभक्तियोंके तीन पुरुष होतेहैं, प्रथम १, मध्यम २, और उत्तम ३। अस्मद् शब्दके योगमे उत्तम पुरुष लगताहै, युष्मद्मे मध्यम और तद्भिन्न सारे शब्दोंमे प्रथम पुरुष। हरएक पुरुषमे तीन तीन वचन होतेहैं एकवचन, द्विवचन, बहुवचन॥

२ सारी विभक्तियें दोभागों मे विभक्तहैं। प्रथमभागको परस्मैपद कहते हैं, दूसरे को आत्मनेपद। प्रत्येक विभक्ति के अठारे आकार हैं, परस्मैपदमे नव, और आत्मने पदमे नव। इसी लिये सब विभक्तियों के एकसौ अस्सीस्वरूपहैं, नव्वे परस्मैपदमे, और नव्वे आत्मनेपदमे। एकसौ अस्सी आकारोंके प्रत्येक को भी विभक्ति कहते हैं॥

(१) धातु की विभक्तियोंको तिङ् भी कहते हैं।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

विभक्तियों की आकृति

		प्रथम पुरुष			मध्यम पुरुष			उत्तम पुरुष			काल
		एक.	द्वि.	बहु.	एक.	द्वि.	बहु.	एक.	द्वि.	बहु.	
लट्	परस्मै.	ति	तः	अन्ति	सि	थः	थ	मि	वः	मः	वर्तमाने
	आत्मने.	ते	आते	अन्ते	से	आथे	ध्वे	ए	वहे	महे	
लोट्	परस्मै.	तु(१)	ताम्	अन्तु	हि(१)	तम्	त	आनि	आव	आम	आशीः
	आत्मने.	ताम्	आतां	अन्ताम्	स्व	आथां	ध्वम्	ऐ	आवहै	आमहै	प्रेरणयोः
लङ्	परस्मै.	त्	ताम्	अन्	ः	तम्	त	अम्	व	म	अतीत
	आत्मने.	त	आतां	अन्त	थाः	आथां	ध्वम्	इ	वहि	महि	अनद्यतने
विधि	परस्मै.	यात्	यातां	युः	याः	यातम्	यात	याम्	याव	याम	विधि
लिङ्	आत्म.	ईत	ईयातां	ईरन्	ईथाः	ईयाथां	ईध्वम्	ईय	ईवहि	ईमहि	संभावनयोः
लृट्	परस्मै.	स्यति	स्यतः	स्यन्ति	स्यसि	स्यथः	स्यथ	स्यामि	स्यावः	स्यामः	भविष्यति
	आत्म.	स्यते	स्येते	स्यन्ते	स्यसे	स्येथे	स्यध्वे	स्ये	स्यावहे	स्यामहे	
लृङ्	परस्मै.	स्यत्	स्यतां	स्यन्	स्यः	स्यतम्	स्यत	स्यम्	स्याव	स्याम	क्रियातिक्रमे
	आत्म.	स्यत	स्येतां	स्यन्त	स्यथाः	स्येथां	स्यध्वं	स्ये	स्यावहि	स्यामहि	कश्चिद्विवक्षौ
लुट्	परस्मै.	ता	तारौ	तारः	तासि	तास्थः	तास्थ	तास्मि	तास्वः	तास्मः	श्वोभा
	आत्म.	ता	तारौ	तारः	तासे	तासाथे	ताध्वे	ताहे	तास्वहे	तास्महे	विन्यर्थे
आशी	परस्मै.	यात्	यास्तां	यासुः	याः	यास्तं	यास्त	यासं	यास्व	यास्म	आशिषि
लिङ्	आत्म.	सीष्ट	सीयास्तां	सीरन्	सीष्ठाः	सीयास्थां	सीध्वं	सीय	सीवहि	सीमहि	
लिट्	परस्मै.	अ	अतुः	उः	थ	अथुः	अ	अ	व	म	परोक्षे
	आत्म.	ए	आते	इरे	से	आथे	ध्वे	ए	वहे	महे	अतीते
लुङ्	परस्मै.	त्	ताम्	अन्	ः	तम्	त	अम्	व	म	भूत
	आत्म.	त	आतां	अन्त	थाः	आथां	ध्वम्	इ	वहि	महि	सामान्ये

धातुविभाग।

१ संस्कृतधातु सारे दश गणोंमे विभक्त हैं; यथा तुदादि, भ्वादि, दिवादि, स्वादि, तनादि, क्र्यादि, रुधादि, अदादि, ह्वादि, और चुरादि॥

(१) तु और हि के स्थानमे तात् भी विकल्प करके होता है आशिषि अर्थमे

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

साधारणनियम

४ विभक्तिका अकार एकार परे होनेसे पूर्व वर्त्ती अकारका लोप होताहै। यथा भव + अन्ति = भवन्ति, सेव + ए = सेवे।

५ विभक्तिका म और व परे होनेसे पूर्व वर्त्ती अकारको आ होताहै यथा भव + वः = भवावः, भव + मः = भवामः।

६ अकारके परस्थित आते, आथे, आताम्, आथाम्, इन विभक्तियों के आकारके स्थान मे इकार होताहै। यथा, सेव + आते = सेवेते, सेव + आथे = सेवेथे, सेव + आताम् = सेवेताम्, सेव + आथाम् = सेवेथाम्।

७ अकारके परस्थित विधिलिङ् के युः के स्थानमे इयुः, और याम् के स्थानमे इयम् होताहै। तद्भिन्न सारे या भाग के स्थानमे इ होताहै। यथा भव + युः = भवेयुः, भव + याम = भवेयम्, भव + यात् = भवेत्। भव + यातम् = भवेतम।

८ अकार और उ, नु, इन आगमों के पर स्थित हि विभक्तिका लोप होताहै। यथा भव + हि = भव, कुरु + हि = कुरु, शृणु + हि = शृणु। परन्तु नु किसी और वर्ण के साथ संयुक्त होनेसे हिकालोप नहिं होता। यथा, आप्नु + हि = आप्नुहि।

९ वर्गोका प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, वर्ण अथवा श, ष, स, ह, इन वर्णोंके परस्थित हिके स्थान मे धि होताहै। यथा, विद् + हि = विद्धि।

१० अकार भिन्न वर्णोके परस्थित अन्त, अन्ताम्, अन्ते, इन विभक्तियोंके न् को लोप होताहै। यथा; आस् + अन्त = आसत, आस + अन्ताम् = आसताम्, आस् + अन्ते = आसते। धातु अभ्यस्त(१) होनेसे अन्ति और अन्तु विभक्तियोंके न को भी लोप होताहै। यथा; जुहु + अन्ति = जुह्वति, जुहु + अन्तु = जुह्वतु।

११ अभ्यस्त धातु के परस्थित लङ् के अन् के स्थानमे उः होताहै। वह उः परे होनेसे अन्त्य स्वर को गुण होताहै; यथा, अजुहु + अन् = अजुहवुः।

(१) जिनधातुओंका द्वित्व होताहै उन्हे और जक्षादिको अभ्यस्त करतेहैं।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

१२ लङ्, लुङ्, और लृङ्, विभक्ति परे होनेसे धातु के आदिमे अकार होताहै। यथा, अभवत्, अभूत्, अभविष्यत्। परन्तु मा और मास्म शब्द के योग मे नहिं होता। यथा, मा भवत्। मास्मभूत्।

१३ लङ्, लुङ्, और लृङ्, विभक्तियों मे धातु के आदिस्थित इ ई के स्थान मे ऐ, उ ऊ के स्थान मे औ, और ऋ के स्थान मे आर् होताहै। यथा, (इन्द) ऐन्दीत्, (ईह) ऐहिष्ट, (उख) औखीत्, (ऊह) औहिष्ट, (ऋच्छ) आर्छत्। परन्तु मा और मास्म शब्द के योगमे नहिं होता; यथा, मा ईहिष्ट, मास्म ऋच्छत्।

१४ व्यञ्जन वर्णसे परे लङ् के त्, और स्:, इन दोनो विभक्तियों का लोप होताहै। यथा; अवेद् + त् = अवेत्।

१५ स्वर परे होनेसे धातुके अन्तस्थित इ, ई, के स्थानमे इय् और उ, ऊ, के स्थानमे उव् होताहै[1] (१ भा॰ २८ पृ॰ १ प॰)। यथा; अधि + इ + अते = अधीयते, इ + आय = इयाय, स्तु + अन्ति = स्तुवन्ति, उ + ओष = उवोष।

१६ जिस धातुमे एकसे अधिक स्वर हों[2] उसके इ ई के स्थानमे इय् नहिं होता[3]। यथा; दि धी + आते = दिध्याते, निनी + ए = निन्ये। (१भा॰ २९पृ॰ ५प॰)

१७ च्, छ्, ज्, श, ष्, द्, ह्[4], ञ्, इन सब वर्णोंसे परे स होनेसे दोनो मिलकर क्ष् होजाताहै। यथा; वच् + स्यति = वक्ष्यति, प्रच्छ + स्यति = प्रक्ष्यति, यज + स्यति = यक्ष्यति, वश् + सि = वक्षि, द्वेष + सि = द्वेक्षि, चक्ष् + से = चक्षे, रोह् + स्यति = रोक्ष्यति, जक्ष् + सन्तुः = जक्षन्तुः

१८ छ् अथवा श[5] ष् के परे त् होनेसे दोनो मिलकर ष्ट् होताहै और थ होनेसे ष्ठ होताहै। यथा; प्रच्छ् + ता = प्रष्टा, दृश् + ता = द्रष्टा, ददृश् + थ = ददृष्ठ।

१९ छ्, श, ष, त से परे ध् होनेसे, छ् श ष् त के स्थानमे ड् और ध के स्थानमे ढ् होताहै। यथा; अप्रच्छ् + ध्वम् = अप्रड्ढ्वम्, अवेश + ध्वम् =

(१) जो गुण वृद्धि होने वाले धातु हों तो नहिं होता। (२) अभ्यस्त होनेसे जो एकसे अधिक स्वर विशिष्ट होजावे तो उसका भी इस नियम मे ग्रहण है (पर इ धातु को छोड़कर) (३) इ ई संयुक्त वर्णोंसे मिले होनेसे इय् होताहै। (४) पर नहू के हकारको ध होताहै त, थ, ध, स परे होने से। (५) प्रच्छ के च् का लोप होताहै तादि परे होनेसे।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

अवेड्ढम्, अवेष् + ध्वम् = अवेड्ढम्, चक्ष् + ध्वे = चड्ढ्वे।

२० च्, ज्, के स्थानमे क् होताहै त्[१] अथवा थ् परे होनेसे, और ग् होताहै ध् परे होनेसे। यथा; मोच् + ता = मोक्ता, योज् + ता = योक्ता, निज्+ध्वे=निग्ध्वे

२१ परन्तु मृज्, सृज्, यज्, भ्रस्ज् इन धातुओंके जकार से परे त् होनेसे दोनो मिलकर ष्ट होताहै, थ होने से ष्ठ होताहै, और जो ध् हो, तो ज् के स्थानमे ड् और ध् के स्थानमे ढ् होताहै। यथा; यज + ता = यष्टा, असृज् + थाः = असृष्ठाः; अयज् + ध्वं = अयड्ढ्वम्, भ्रस्ज् + ता = भ्रष्टा॥

२२ हकारसे परे त्, थ्, ध्, के स्थानमे ढ होताहै और हकार का लोप होताहै लुप्त हकारके पूर्वस्थित ह्रस्व स्वर[२] दीर्घ होते हैं[१] यथा; अगुह् + तः = अगूढः, लिह् + तः = लीढः।

२३ परन्तु दह्, दिह्, दुह्, धातुओंके हकारसे परे त्, थ्, अथवा ध् होनेसे, दोनो मिलकर ग्ध् होताहै। यथा; दह् + ता = दग्धा, दिह् + ता = दिग्धा, दुह् + ता = दुग्धा, अदह् + थाः = अदग्धाः।

२४ और मुह्, द्रुह्, स्नुह्, स्निह् धातुओं के हकारसे परे त्, थ्, अथवा ध् होने से दोनो मिलकर ग्ध होताहै; अथवा हकार का लोप होताहै, और त्, थ्, ध्, के स्थानमे ढ होताहै, और लुप्त हकारका पूर्वस्थित ह्रस्व स्वर दीर्घ होताहै। यथा; मुह् + तः = मुग्धः, मूढः।

२५ विभक्ति का स् अथवा ध्[४] परे होनेसे, अथवा विभक्ति का लोप होने से, धातुके आदि ग्, द्, ब्, को यथाक्रम घ्, ध्, भ्, होताहै जो उसका अन्त्यवर्ण ह्, ध, (वा) भ् हो। यथा; गाह् + स्यते = घास्यते, दह् + स्यति = धक्ष्यति, दम्भ् + सति = धीप्सति, बुध् + स्यते = भोत्स्यते।

२६ स् को त् होताहै ऌट्, ऌङ्, लृङ् और सन् प्रत्ययके स् परे होनेसे और द् अथवा लोप होताहै विभक्ति का ध् परे होनेसे यथा वस् + स्यामि = वत्स्यामि, असेविस् + ध्वम् = असेविड्ढ्वम् (वा) असेविध्वम्।

२७ धकारसे परे त् थ् अथवा ध होने से दोनो मिलकर द्ध होताहै। यथा, सिध् + तम् = सिद्धम्।

२८ भकार से परे त् थ् अथवा ध् होनेसे दोनो मिलकर ब्ध होताहै। यथा;

(१) भ्रस्ज्के अन्त्य ज् का लोप होताहै तादि परे होनेसे। (२) ऋकारभिन्न। यथा; तृह् + तः = तृढः।
(२) सह् और वह् धातुओंके लुप्त हकारके पूर्वमें अकारको ओकार होताहै। (४) अन्त्यवर्णका

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

आरभ् + तम् = आरब्धम्, लभ् + तम् = लब्धम्।

२९ दको त् होता है त थ् स परे होनेसे। यथा; वेद् + ता = वेत्ता, विद् + थः = वित्थ, छेद् + स्यति = छेत्स्यति।

३० ध को त् और भ् को प् होता है स् परे होनेसे। यथा; सेध् + स्यति = सेत्स्यति, लभ् + स्यते = लप्स्यते।

३१ उत् उपसर्गसे परे स्था और स्तम्भ धातुके स् को लोप होता है यथा; उत्थानम्, उत्तम्भनम्।

३२ पदान्त र् और स् के स्थानमे : (विसर्ग) होता है।

३३ पदान्त वर्ग के तृतीय और चतुर्थ वर्ण के स्थानमे प्रथम वर्ण होता है

३४ पदान्त च् और ज् के स्थानमे क् होता है[1]

३५ पदान्त छ् श ष् और ह् के स्थानमे ट् होता है।

३६ परन्तु दकारादि धातुके पदान्त ह् के स्थानमे क् होता है।

३७ लट्, लोट्, लङ्, विधि लिङ्, भिन्न विभक्तियोंमे एकारान्त, ऐकारान्त, और ओकारान्त धातु आकारान्त होजाते हैं।

कर्तृवाच्य

कर्तृ वाच्यमे धातु तीन प्रकारके होते हैं; परस्मै पदी, आत्मने पदी और उभयपदी। परस्मै पदी धातुके उत्तर परस्मै पद की विभक्तियें लगती हैं, आत्मने पदी धातुके उत्तर आत्मनेपद की, और उभय पदीके उत्तर उभय पदकी। कर्तृवाच्य होने से कर्तृ पदमे विभक्ति का जो वचन हो क्रिया पदमे भी विभक्तिका वहि वचन होता है।

लट्, लोट्, लङ्, (विधि) लिङ्.

लट्, लोट्, लङ्, विधिलिङ्, इन चारों विभक्तियों मे प्रत्येक गणकी धातुओंके भिन्न २ प्रकार रूप होते हैं इसी निमित्त इन चारों विभक्तियोंमे हर एक गण के धातुओंके रूप पृथक् पृथक् दिखलाये जावेंगे, और २ विभक्तियोंमे गण भेद देतुक रूपका भेद नहिं होता, इसीलिये उन प्रत्येक विभक्तियों मे सब गणके धातुओंके रूप इकट्ठे दिखाये जावेंगे।

(१) परन्तु पदान्त सृज् धातुके ज् के स्थानमे ट् होता है।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

तुदादिगण

२८ लङादि चारों विभक्तियों मे तुदादिगणीय धातुओं के उत्तर अ होता है। अकार अन्त्य वर्ण मे मिलजाता है।

स्पृश् धातु (परस्मैपदी) अर्थ, छूना

विभक्ति	प्रथमपुरुष			मध्यमपुरुष			उत्तमपुरुष		
	ए.	द्वि.	ब.	ए.	द्वि.	ब.	ए.	द्वि.	ब.
लट्	स्पृशति	स्पृशतः	स्पृशन्ति	स्पृशसि	स्पृशथः	स्पृशथ	स्पृशामि	स्पृशावः	स्पृशामः
लोट्	स्पृशतु	स्पृशतां	स्पृशन्तु	स्पृश	स्पृशतं	स्पृशत	स्पृशानि	स्पृशाव	स्पृशाम
लङ्	अस्पृशत्	अस्पृशतां	अस्पृशन्	अस्पृशः	अस्पृशतं	अस्पृशत	अस्पृशम्	अस्पृशाव	अस्पृशाम
विधिलिङ्	स्पृशेत्	स्पृशेताम्	स्पृशेयुः	स्पृशेः	स्पृशेतम्	स्पृशेत	स्पृशेयम्	स्पृशेव	स्पृशेम

विज् धातु (आत्मनेपदी) अर्थ, भयकाना और चलना

लट्	विजते	विजेते	विजन्ते	विजसे	विजेथे	विजध्वे	विजे	विजावहे	विजामहे
लोट्	विजताम्	विजेताम्	विजन्तां	विजस्व	विजेथां	विजध्वम्	विजै	विजावहै	विजामहै
लङ्	अविजत	अविजेतां	अविजन्त	अविजथाः	अविजेथां	अविजध्वं	अविजे	अविजावहि	अविजामहि
विधिलिङ्	विजेत	विजेयातां	विजेरन्	विजेथाः	विजेयाथां	विजेध्वम्	विजेय	विजेवहि	विजेमहि

तुद् धातु (उभयपदी) अर्थ, पीड़ना।

लट्	तुदति	तुदतः	तुदन्ति	तुदसि	तुदथः	तुदथ	तुदामि	तुदावः	तुदामः
	तुदते	तुदेते	तुदन्ते	तुदसे	तुदेथे	तुदध्वे	तुदे	तुदावहे	तुदामहे
लोट्	तुदतु	तुदतां	तुदन्तु	तुद	तुदतं	तुदत	तुदानि	तुदाव	तुदाम
	तुदताम्	तुदेताम्	तुदन्ताम्	तुदस्व	तुदेथां	तुदध्वम्	तुदै	तुदावहै	तुदामहै
लङ्	अतुदत्	अतुदतां	अतुदन्	अतुदः	अतुदतं	अतुदत	अतुदम्	अतुदाव	अतुदाम
	अतुदत	अतुदेतां	अतुदन्त	अतुदथाः	अतुदेथां	अतुदध्वं	अतुदे	अतुदावहि	अतुदामहि
लिङ्	तुदेत्	तुदेताम्	तुदेयुः	तुदेः	तुदेतम्	तुदेत	तुदेयम्	तुदेव	तुदेम
	तुदेत	तुदेयातां	तुदेरन्	तुदेथाः	तुदेयाथां	तुदेध्वम्	तुदेय	तुदेवहि	तुदेमहि

२९ लङादि चार विभक्तियों मे इष् धातु के स्थान मे इच्छ, प्रच्छ के स्थानमे पृच्छ, मस्ज के स्थानमे मज्ज, भ्रस्ज के स्थान मे भृज्ज, लस्ज के स्थान मे लज्ज

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

व्यच् के स्थानमे विच, और व्रश्च के स्थानमे वृश्च, विछ् के स्थानमे विछाय् और त्वर्ह् के स्थानमे तृह् होता है। यथा; इच्छति, ऋच्छति, मज्जति, भ्रज्जति, लज्जते, विचति, वृश्चति, विच्छायति, तृहति इत्यादि।

५० तथा मुच्, सिच्, लिप्, लुप्, कृत्, विद्, खिद्, पिश्, धातुओंके स्थानमे क्रमसे मुञ्च्, सिञ्च्, लिम्प्, लुम्प्, कृन्त्, विन्द्, खिन्द्, पिंश् होते हैं। यथा; मुञ्चति इत्यादि।

५१ तथा दृ, धृ, पृ, मृ, धातुओंके ऋ के स्थानमे रिय् होता है। यथा; म्रियते इत्यादि।

५२ तथा कॄ, गॄ, धातुओंके ॠ के स्थानमे इर् होता है। यथा; किरति इत्यादि(१) (क्षि) क्षियति इत्यादि। (ध्रु) ध्रुवति (कु) कुवते (धू) धुवति (ऋच्छ्) ऋच्छति (मिच्छ्) मिच्छति। (ओख) ओखति (लङ्मे) औखत् इत्यादि।

भ्वादिगण

५३ लडादि चार विभक्तियों मे भ्वादि गणीय धातुओंके उत्तर अ होता-है (अ अन्त्यवर्णमे मिल जाता है)

	प्र. पुरुष			म. पुरुष			उ. पुरुष		
	ए.	द्वि.	ब.	ए.	द्वि.	ब.	ए.	द्वि.	ब.
				वद (पं) बोलना					
लट्	वदति	वदतः	वदन्ति	वदसि	वदथः	वदथ	वदामि	वदावः	वदामः
लोट्	वदतु	वदताम्	वदन्तु	वद	वदतम्	वदत	वदानि	वदाव	वदाम
लङ्	अवदत्	अवदतां	अवदन्	अवदः	अवदतं	अवदत	अवदम्	अवदाव	अवदाम
लिङ्	वदेत्	वदेताम्	वदेयुः	वदेः	वदेतम्	वदेत	वदेयम्	वदेव	वदेम
				सेव (आत्) सेवाकरना					
लट्	सेवते	सेवेते	सेवन्ते	सेवसे	सेवेथे	सेवध्वे	सेवे	सेवावहे	सेवामहे
लोट्	सेवताम्	सेवेताम्	सेवन्ताम्	सेवस्व	सेवेथाम्	सेवध्वम्	सेवै	सेवावहै	सेवामहै
लङ्	असेवत	असेवेतां	असेवन्त	असेवथाः	असेवेथाम्	असेवध्वम्	असेवे	असेवावहि	असेवामहि
लिङ्	सेवेत	सेवेयाताम्	सेवेरन्	सेवेथाः	सेवेयाथां	सेवेध्वम्	सेवेय	सेवेवहि	सेवेमहि

(१) गॄ के रकारको ल् भी होजाता है परन्तु धातु के होने मे न र, अतएव इसके दो दो रूप होते हैं यथा गिरति (वा) गिलति इत्यादि।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

त्रै[1] (आत्) पालना

लट् त्रायते त्रायेते त्रायन्ते त्रायसे त्रायेथे त्रायध्वे त्राये त्रायावहे त्रायामहे

प्रथम पुरुष			मध्यम पुरुष			उत्तम पुरुष		
ए.	द्वि.	ब.	ए.	द्वि.	ब.	ए.	द्वि.	ब.

धाव (उभ) दौड़ना

लट् धावति धावतः धावन्ति धावसि धावथः धावथ धावामि धावावः धावामः

धावते धावेते धावन्ते धावसे धावेथे धावध्वे धावे धावावहे धावामहे

४४ लडादि चार विभक्तियों मे भ्वादि गणीय धातुओं के अन्त्य स्वर और लघु[2] उपधा[3] को गुण होता है॥

जि (पं) जयति जयतः जयन्ति जयसि जयथः जयथ जयामि जयावः जयामः

भू (पं) भवति भवतः भवन्ति भवसि भवथः भवथ भवामि भवावः भवामः

स्मृ (पं) स्मरति स्मरतः स्मरन्ति स्मरसि स्मरथः स्मरथ स्मरामि स्मरावः स्मरामः

दे (आत्) दयते दयेते दयन्ते दयसे दयेथे दयध्वे दये दयावहे दयामहे

षिधू[4] (पं) सेधति सेधतः सेधन्ति सेधसि सेधथः सेधथ सेधामि सेधावः सेधामः

शुच (पं) शोचति शोचतः शोचन्ति शोचसि शोचथः शोचथ शोचामि शोचावः शोचामः

वृत (आत्) वर्त्तते वर्त्तेते वर्त्तन्ते वर्त्तसे वर्त्तेथे वर्त्तध्वे वर्त्ते वर्त्तावहे वर्त्तामहे

४५ लडादि चार विभक्तियों मे रञ्ज्, सञ्ज्, स्वञ्ज्, दंश्, धातुओं के नकार का लोप होता है। यथा; रजति, रजते, सजति, सजते, दशति, इत्यादि।

४६ तथा निम्नलिखित धातु रूपान्तरापन्न हो जाते हैं। यथा;

धातु	निर्विभक्तिकरूप	सविभक्तिकरूप
दृश	पश्य	पश्यति
सद्	सीद	सीदति
शद्	शीय	शीयते
ष्ठिव्	ष्ठीव	ष्ठीवति

(१) लोट् के मध्यम पुरुष के एक वचन मे त्रायस्व और त्रायहि दोनो दृष्ट होते हैं।

(२) ह्रस्व स्वर को लघु कहते हैं और दीर्घ को गुरु। अनुस्वार, विसर्ग अथवा संयुक्त वर्ण परे होने से ह्रस्व स्वर भी गुरु कहलाता है। (३) शब्द के अन्त्य वर्ण से पूर्व वर्ण को उपधा कहते हैं। (४) धातु पाठ मे इस धातु को षिधु लिखा है, पर सारे धातु जिनके आदि मे ष् (वा) ण है उनके उस ष् को स् और ण को न् हो जाता है इसलिये यहां षादि धातु को सादि और णादि को नादि समझा गया है॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

पा	पिब	पिबति
ध्मा	धम	धमति
म्ना	मन	मनति
क्रम् (परस्मै०)	क्राम (वा) क्राम्य	क्रामति, क्राम्यति
गुह	गूह	गूहति — ते
गम्	गच्छ	गच्छति
दा	यच्छ	यच्छति
यम	यच्छ	यच्छति
ऋ	ऋच्छ	ऋच्छति, आर्च्छत् (लङ्)
कृप्	कल्प	कल्पते
सञ्ज	सज	सजति। ते
स्था	तिष्ठ	तिष्ठति
कित	चिकित्स	चिकित्सति
गुप् (निन्दायाम्)	जुगुप्स	जुगुप्सते
तिज (सहने)	तितिक्ष	तितिक्षते
बध्	बीभत्स	बीभत्सते
घ्रा	जिघ्र	जिघ्रति
मान्	मीमांस	मीमांसते
कम्	कामय	कामयते
गुप (रक्षणे)	गोपाय	गोपायति
पण (स्तुतौ)	पणाय	पणायति
पन	पनाय	पनायते
धूप	धूपाय	धूपायति
विच्छ्	विच्छाय	विच्छायति
ऋत्	ऋतीय	ऋतीयते

५७ तथा सृधातुको विकल्पकरके धाव भी होता है। यथा; सरति, धावति

५८ तथा क्रम (आत्म) को क्रम्य भी होता है। यथा; क्रमते, क्रम्यते

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

४९ तथा आ उपसर्ग के योगमे चम् धातुके स्थानमे चाम् होता है।
यथा, आचामति इत्यादि।

५० जिन धातुओं की उपधामे उर् हो उन्की उ को दीर्घ होता है। यथा,
(कुर्द) कूर्दते, इत्यादि।
(मुर्छि(१)) मूर्छते, इत्यादि
(हुर्छ) हूर्छते, इत्यादि।
(धोर्ऋ) धोरति, इत्यादि।

दिवादिगण

५१ लडादि चार विभक्तियों मे दिवादि गणीय धातुओं के उत्तर य आगम होता है।

नृत (प) नाचना

	प्र॰			म॰			उ॰		
लट्	नृत्यति	नृत्यतः	नृत्यन्ति	नृत्यसि	नृत्यथः	नृत्यथ	नृत्यामि	नृत्यावः	नृत्यामः
लोट्	नृत्यतु	नृत्यताम्	नृत्यन्तु	नृत्य	नृत्यतम्	नृत्यत	नृत्यानि	नृत्याव	नृत्याम
लङ्	अनृत्यत्	अनृत्यतां	अनृत्यन्	अनृत्यः	अनृत्यतं	अनृत्यत	अनृत्यम्	अनृत्याव	अनृत्याम
लिङ्	नृत्येत्	नृत्येताम्	नृत्येयुः	नृत्येः	नृत्येतम्	नृत्येत	नृत्येयम्	नृत्येव	नृत्येम

विद् (आत्) होना, विद्यमानता

लट्	विद्यते	विद्येते	विद्यन्ते	विद्यसे	विद्येथे	विद्यध्वे	विद्ये	विद्यावहे	विद्यामहे
लोट्	विद्यताम्	विद्येताम्	विद्यन्ताम्	विद्यस्व	विद्येथां	विद्यध्वम्	विद्यै	विद्यावहै	विद्यामहै
लङ्	अविद्यत	अविद्येतां	अविद्यन्त	अविद्यथाः	अविद्येथां	अविद्यध्वं	अविद्ये	अविद्यावहि	अविद्यामहि
लिङ्	विद्येत	विद्येयातां	विद्येरन्	विद्येथाः	विद्येयाथां	विद्येध्वम्	विद्येय	विद्येवहि	विद्येमहि

५२ लडादि चार विभक्तियोंमे दिव, सिव, ष्ठिव, जन, व्यध, मिद, धातुओं के स्थानमे यथाक्रम दीव, सीव, ष्ठीव, जा, विध, मेद, होते हैं। यथा, दीव्यति, सीव्यति, ष्ठीव्यति, जायते, विध्यति, मेद्यति इत्यादि।

(१) धातुपाठमे यह धातु "मुर्छि" कहागया है। इ अनुबन्ध वास्ते सारे धातुओं की उपधामे न् आजाता है; इसलिये यहां भी छ के पूर्व न् हुआ और न का सन्धिके नियमानुसार ङ् होगया; अतएव सिद्ध रूप मङ्क् हुआ। इसी प्रकार सब इदित धातुओं मे जानना॥

CC-0. In Public Domain: Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

५३ तथा (दिवादिगणीय) ॠकारान्त धातुओंके ॠके स्थानमे ईर होता है। यथा (जॄ) जीर्यति; (दॄ) दीर्यति॥

५४ तथा शमादि[1] धातुओंके अकार के स्थान मे आकार होताहै। यथा; शाम्यति इत्यादि। भ्रमको विकल्प करके। यथा; भ्राम्यति (वा) भ्रम्यति।

५५ तथा ——— ओकारान्त धातुओंके ओकारका लोप होताहै। यथा; (सो) स्यति, स्यतः, स्यन्ति।

५६ तथा भ्रंश् के अनुस्वार का लोप होताहै। यथा; भ्रश्यति (रन्ज्) रज्यति[2], रज्यते। (मा) मायते। (अस्) अस्यति, आस्यत(लङ्) (ई) ईयते, ऐयत(लङ्) (ऋध्) ऋध्यति, आर्ध्यत(लङ्)

स्वादिगण

५७ लडादि चार विभक्तियों मे स्वादि गणीय धातुओंके उत्तर नु होताहै।

५८ ति, सि, मि, तु, आनि, आव, आम, ऐ, आवहै, आमहै, त्, :, अम् ये विभक्तियें परे होनेसे नु को नो होताहै।

सु (उभय) कूटना

	प्र.			म.			उ.		
लट्	सुनोति	सुनुतः	सुन्वन्ति	सुनोषि	सुनुथः	सुनुथ	सुनोमि	सुनुवः[3]	सुनुमः
	सुनुते	सुन्वाते	सुन्वते	सुनुषे	सुन्वाथे	सुनुध्वे	सुन्वे[2]	सुनुवहे	सुनुमहे
लोट्	सुनोतु	सुनुताम्	सुन्वन्तु	सुनु	सुनुतम्	सुनुत	सुनवानि	सुनवाव	सुनवाम
	सुनुताम्	सुन्वाताम्	सुन्वताम्	सुनुष्व	सुन्वाथाम्	सुनुध्वम्	सुनवै	सुनवावहै	सुनवामहै
लङ्	असुनोत्	असुनुतां	असुन्वन्	असुनोः	असुनुतम्	असुनुत	असुनवम्	असुनुव[3]	असुनुम[3]
	असुनुत	असुन्वातां	असुन्वत	असुनुथाः	असुन्वाथां	असुनुध्वं	असुन्वि	असुनुवहि	असुनुमहि
लिङ्	सुनुयात्	सुनुयातां	सुनुयुः	सुनुयाः	सुनुयातं	सुनुयात	सुनुयाम्	सुनुयाव	सुनुयाम
	सुन्वीत	सुन्वीयातां	सुन्वीरन्	सुन्वीथाः	सुन्वीयाथां	सुन्वीध्वं	सुन्वीय	सुन्वीवहि	सुन्वीमहि

(१) शम्, श्रम्, तम्, क्षम्, दम्, क्लम्, मद्। (२) ४५ वां नियम देखो। (३) नु व्यञ्जन वर्णमे मिलित न होवे तो नु के उकारका विकल्प करके लोप होताहै व् म् परे होनेसे यथा सुन्वः, सुन्मः, सुन्वहे, सुन्महे, असुन्व, असुन्म, असुन्वहि, असुन्महि।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

५९ जो उ धातुके अन्त्यहल्के साथ संयुक्त हो तो आनि, आव, आम, ऐ, आवहै, आमहै, अम्, इनके सिवा विभक्तिका स्वर वर्ण परे होनेसे उ के स्थानमे उव् होताहै॥

आप् (प) व्याप्ति

	प्र.			म.			उ.		
लट्	आप्नोति	आप्नुतः	आप्नुवन्ति	आप्नोषि	आप्नुथः	आप्नुथ	आप्नोमि	आप्नुवः	आप्नुमः
लोट्	आप्नोतु	आप्नुताम्	आप्नुवन्तु	आप्नुहि	आप्नुतम्	आप्नुत	आप्नवानि	आप्नवाव	आप्नवाम
लङ्	आप्नोत्	आप्नुताम्	आप्नुवन्	आप्नोः	आप्नुतम्	आप्नुत	आप्नवम्	आप्नुव	आप्नुम
लिङ्	आप्नुयात्	आप्नुयाताम्	आप्नुयुः	आप्नुयाः	आप्नुयातम्	आप्नुयात	आप्नुयाम्	आप्नुयाव	आप्नुयाम

अश् (आत्म) व्याप्ति

लट्	अश्नुते	अश्नुवाते	अश्नुवते	अश्नुषे	अश्नुवाथे	अश्नुध्वे	अश्नुवे	अश्नुवहे	अश्नुमहे
लोट्	अश्नुताम्	अश्नुवाताम्	अश्नुवताम्	अश्नुष्व	अश्नुवाथाम्	अश्नुध्वम्	अश्नवै	अश्नवावहै	अश्नवामहै
लङ्	आश्नुत	आश्नुवाताम्	आश्नुवत	आश्नुथाः	आश्नुवाथाम्	आश्नुध्वम्	आश्नुवि	आश्नुवहि	आश्नुमहि
लिङ्	आश्नुवीत	आश्नुवीयाताम्	आश्नुवीरन्	आश्नुवीथाः	आश्नुवीयाथाम्	आश्नुवीध्वम्	आश्नुवीय	आश्नुवीवहि	आश्नुवीमहि

६० लडादि चार विभक्तियों मे श्रु(१) धातुके स्थानमे शृ, धिवि(२) के स्थानमे धि, और कृव के स्थानमे कृ होताहै। यथा; शृणोति धिनोति कृणोति।

६१ तथा ——— दम्भ्, स्कम्भ्, स्तम्भ्, स्कुम्भ्, और स्तुम्भ् धातुओं के म् का लोप होताहै उ परे होनेसे। यथा; दभ्नोति इत्यादि।

तनादि गण

६२ लडादि चार विभक्तियोंमे तनादिगणीय धातु के उत्तर उ होताहै; और वह उ अन्त्य वर्णमे मिलजाताहै।

६३ ति, सि, मि, तु, आनि, आव, आम, ऐ, आवहै, आमहै, त्, :, अम्, ये विभक्तियें परे होने से उ के स्थान मे ओ होता है।

(१) पाणिनीय धातुपाठ मे श्रु धातु को भ्वादिगणमे पढ़ा है, पर इसके रूप स्वादि की न्याईं होनेसे यहां यह स्वादिगण मे गृहीत हुआ है॥

(२) धिव्, कृव धातु धातुपाठमे धिवि कृवि कही गई हैं पर इदित होनेसे भी लडादि चार विभक्तियों मे इनके व के पूर्व न नहि होता॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

तन् (उभ) विस्तारकरना

	प्र.			म.			उ.		
लट्	तनोति	तनुतः	तन्वन्ति	तनोषि	तनुथः	तनुथ	तनोमि	तनुवः[1]	तनुमः
	तनुते	तन्वाते	तन्वते	तनुषे	तन्वाथे	तनुध्वे	तन्वे	तनुवहे	तनुमहे
लोट्	तनोतु	तनुताम्	तन्वन्तु	तनु	तनुतम्	तनुत	तनवानि	तनवाव	तनवाम
	तनुताम्	तन्वाताम्	तन्वताम्	तनुष्व	तन्वाथाम्	तनुध्वम्	तनवै	तनवावहै	तनवामहै
लङ्	अतनोत्	अतनुतां	अतन्वन्	अतनोः	अतनुतं	अतनुत	अतनवम्	अतनुव	अतनुम
	अतनुत	अतन्वातां	अतन्वत	अतनुथाः	अतन्वाथां	अतनुध्वं	अतन्वि	अतनुवहि	अतनुमहि
लिङ्	तनुयात्	तनुयातां	तनुयुः	तनुयाः	तनुयातं	तनुयात	तनुयाम्	तनुयाव	तनुयाम
	तन्वीत	तन्वीयातां	तन्वीरन्	तन्वीथाः	तन्वीयाथां	तन्वीध्वं	तन्वीय	तन्वीवहि	तन्वीमहि

कृ (उभय) करना

८४ ति, सि, मि, तु, आनि, आव, आम, ऐ, आवहै, आमहै, त्, :, अम्, ये विभक्तियें परे होने से कृ धातु के स्थानमे कर् होता है; अन्य विभक्तियें परे होने से कुर् होताहै ॥

८५ विभक्ति का म् (मि भिन्न) य व् परे होनेसे कृ धातु के पर स्थित उकार का लोप होताहै॥

लट्	करोति	कुरुतः	कुर्वन्ति	करोषि	कुरुथः	कुरुथ	करोमि	कुर्वः	कुर्मः
	कुरुते	कुर्वाते	कुर्वते	कुरुषे	कुर्वाथे	कुरुध्वे	कुर्वे	कुर्वहे	कुर्महे
लोट्	करोतु	कुरुताम्	कुर्वन्तु	कुरु	कुरुतम्	कुरुत	करवाणि	करवाव	करवाम
	कुरुताम्	कुर्वाताम्	कुर्वतां	कुरुष्व	कुर्वाथां	कुरुध्वम्	करवै	करवावहै	करवामहै
लङ्	अकरोत्	अकुरुतां	अकुर्वन्	अकरोः	अकुरुतं	अकुरुत	अकरवम्	अकुर्व	अकुर्म
	अकुरुत	अकुर्वातां	अकुर्वत	अकुरुथाः	अकुर्वाथां	अकुरुध्वं	अकुर्वि	अकुर्वहि	अकुर्महि
लिङ्	कुर्यात्	कुर्यातां	कुर्युः	कुर्याः	कुर्यातम्	कुर्यात	कुर्याम्	कुर्याव	कुर्याम
	कुर्वीत	कुर्वीयातां	कुर्वीरन्	कुर्वीथाः	कुर्वीयाथां	कुर्वीध्वं	कुर्वीय	कुर्वीवहि	कुर्वीमहि

८६ लडादि चार विभक्तियों मे धातु के उपधा इ, उ, ऋ को विकल्प करके गुण होताहै। यथा; (क्षिण) क्षिणोति (वा) क्षेणोति, क्षिणुते (वा) क्षेणुते (ऋण) ऋणोति (वा) अर्णोति॥

(१) जो उ संयुक्त वर्णसे मिलित न हो तो उसका विकल्प करके लोप होताहै। यथा; तन्वः तन्मः इत्यादि।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

क्र्यादि गण

६७ लङादि चार विभक्तियोंमे क्र्यादि गणीय धातु के उत्तर ना आगम होताहै।

६८ अन्य भिन्न स्वर वर्ण परे होनेसे ना के आकार का लोप होताहै॥

६९ ति, सि, मि, त, तु, :, भिन्न व्यञ्जन वर्ण परे होनेसे ना के स्थानमे नी होताहै।

क्री (क्रय) मोल लेना

लट् { क्रीणाति क्रीणीतः क्रीणन्ति क्रीणासि क्रीणीथः क्रीणीथ क्रीणामि क्रीणीवः क्रीणीमः
{ क्रीणीते क्रीणाते क्रीणते क्रीणीषे क्रीणाथे क्रीणीध्वे क्रीणे क्रीणीवहे क्रीणीमहे

लोट् { क्रीणातु क्रीणीताम् क्रीणन्तु क्रीणीहि क्रीणीतम् क्रीणीत क्रीणानि क्रीणाव क्रीणाम
{ क्रीणीताम् क्रीणाताम् क्रीणताम् क्रीणीष्व क्रीणाथाम् क्रीणीध्वम् क्रीणै क्रीणावहै क्रीणामहै

लङ् { अक्रीणात् अक्रीणीताम् अक्रीणन् अक्रीणाः अक्रीणीतम् अक्रीणीत अक्रीणाम् अक्रीणीव अक्रीणीम
{ अक्रीणीत अक्रीणाताम् अक्रीणत अक्रीणीथाः अक्रीणाथाम् अक्रीणीध्वम् अक्रीणि अक्रीणीवहि अक्रीणीमहि

लिङ् { क्रीणीयात् क्रीणीयाताम् क्रीणीयुः क्रीणीयाः क्रीणीयातम् क्रीणीयात क्रीणीयाम् क्रीणीयाव क्रीणीयाम
{ क्रीणीत क्रीणीयाताम् क्रीणीरन् क्रीणीथाः क्रीणीयाथाम् क्रीणीध्वम् क्रीणीय क्रीणीवहि क्रीणीमहि

७० हि विभक्तिमे व्यञ्जन वर्णके परस्थित ना के स्थानमे आन होताहै, और हि का लोप होताहै। यथा; अशान, पुषाण, स्तभाण।

७१ लङादि चार विभक्तियोंमे ग्रह धातुके स्थानमे गृह, ज्याके स्थानमे जि ज्ञाके स्थानमे जा, और खव् के स्थानमे खौ होताहै। यथा; गृह्णाति, जिनाति जानाति, खौनाति इत्यादि।

७२ तथा प्वादि धातुओंका अन्त्यवर्ण ह्रस्व होताहै। यथा; (पू) पुना-ति (धू) धुनाति इत्यादि।

७३ तथा —— क्र्यादि गणीय धातुओंके उपधा नकार का लोप होताहै। यथा; (बन्ध) बध्नाति, (ग्रन्थ) ग्रथ्नाति, (स्तम्भ) स्तभ्नाति।

रुधादि गण

७४ लङादि चार विभक्तियोंमे रुधादि गणीय धातुके अन्त्यस्वरसे परे न आताहै।

२४० लोट् की हि विभक्तिमे अभ्यस्त दा धातु के स्थानमे दे और धा के स्थान मे धे होता है। यथा देहि, धेहि

हा (पं) छोड़ना

२४१ अगुण स्वर वर्ण वा यादादि परे होनेसे हा धातु के आकार का लोप होता है।

२४२ अगुण व्यञ्जन वर्ण परे होनेसे हा धातु के आकार के स्थान मे इ और

(१) अगुण व्यञ्जन वर्ण परे होनेसे भी धातु का ईकार विकल्प करके ह्रस्व होता है। बिभितः, बिभीतः बिभिमः बिभीमः इत्यादि।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

ई होते है।

लट् जहाति जहितः) जहति जहासि जहिथः) जहिथ) जहामि जहिवः) जहिमः)
जहीतः) जहीथः) जहीथ) जहीवः) जहीमः)

लोट् जहातु जहिताम्) जहतु जहिहि[1]) जहितम्) जहित) जहानि जहाव, जहाम
जहीताम्) जहीहि) जहीतम्) जहीत)

लिङ् जह्यात् जह्याताम् जह्युः जह्याः जह्यातं जह्यात जह्याम् जह्याव जह्याम

हा (ङान्) जाना, मा (ङान्) मापना

२४३ हा और मा धातु के पूर्वभाग के आकार के स्थान मे इकार होता है।

२४४ अगुण स्वर वर्ण परे होने से उत्तर भाग का आकार लोप होता है।

२४५ अगुण व्यञ्जन वर्ण परे होने से उत्तर भाग के आकार के स्थान मे ई होती है।

लट् जिहीते जिहाते जिहते जिहीषे जिहाथे जिहीध्वे जिहे जिहीवहे जिहीमहे

२४६ ऋ धातु के पूर्वभाग के स्थान मे इय होता है। यथा, (लट्) इयर्ति, इयृतः, इय्रति (लङ्) ऐयः, ऐयृताम्, ऐयरुः

२४७ लडादि चार विभक्तियों मे निज्, विज्, विष, धातु के पूर्वभाग के इ के स्थान मे ए होता है। यथा,

लट् नेनेक्ति नेनिक्तः नेनिजति नेनेक्षि नेनिक्थः नेनिक्थ नेनेज्मि नेनिज्वः नेनिज्मः

२४८ आनि, आव, आम, ए, आवहे, आमहे, अम्, इन विभक्तियों मे निज्, विज्, विष, धातु के पर भाग को गुण नहिं होता। यथा; नेनिजानि नेनिजाव, नेनिजाम, नेनिजे, नेनिजावहे, नेनिजामहे, अनेनिजम्॥

२४९ जन धातु का अकार दीर्घ होता है और न का लोप होता है ने[2] यादि परे होने से और विकल्प करके य परे होने से। और अगुण स्वर परे होने से परभाग के अ का लोप होता है। यथा (लट्) जजन्ति, जज्ञातः, जज्ञति (लङ्) अजजन्, अजज्ञाताम्, अजज्ञुः।

२५० भस् धातु के परभाग का अकार लुप्त होता है अगुण स्वर परे होने से। यथा; बभस्ति, बभ्सतः बप्सति।

(१) इसका तीसरा पद जहाहि भी होता है। (२) न मे नि का ग्रहण नहिं।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

णिजन्त प्रकरण

२५१ प्रेरण अर्थ में धातु के उत्तर णिच् होता है। णिच् का इ मात्र रहता है। णिजन्त धातु उभय पद होते हैं।

२५२ णिच् होने से धातु के अन्त्यस्वर और उपधा अकार की वृद्धि होती है। यथा; श्रु + इ = श्रावि, प्लु + इ = प्लावि, कृ + इ = कारि, हृ + इ = हारि, चल + इ = चालि, दह + इ = दाहि, पच + इ = पाचि, वह + इ = वाहि, इत्यादि।

२५३ णिच् होने से धातु के उपधा लघुस्वर को गुण(१) होता है। यथा; लिप + इ = लेपि, सिच् + इ = सेचि, मुच + इ = मोचि, दृश + इ = दर्शि, इत्यादि।

२५४ जिन धातुओं के उत्तर णिच् होता है वे णिजन्त धातु कहलाते हैं। यथा; श्रु धातु के उत्तर णिच् होने से श्रावि होता है, यह श्रावि स्वरूप एक स्वतन्त्र धातु गिना जाता है, और सारे धातु कार्य्य को प्राप्त होता है।

२५५ लड़ादि चार विभक्तियों में णिजन्त धातु भ्वादि गणीय धातुओं के तुल्य होते हैं।

श्रावि धातु

लट् श्रावयति, श्रावयतः श्रावयन्ति श्रावयसि श्रावयथः श्रावयथ श्रावयामि श्रावयावः श्रावयामः

लोट् श्रावयतु श्रावयताम् श्रावयन्तु श्रावय श्रावयतम् श्रावयत श्रावयाणि श्रावयाव श्रावयाम

(१) परन्तु ह्री, री, ब्ली, क्नूय धातुओं को गुण होता है और उनके उत्तर प आता है। यथा ह्रेपयति, रेपयति, ब्लेपयति, क्नोपयति। भी धातु के स्थान में भीष् और (स्मि) धातु के स्थान में स्माप होता है, और आत्मनेपद होता है, जो कर्त्ता अन्य निरपेक्ष होकर भय अथवा विस्मय देवे। यथा सर्पः शिशुं भीषयते (यहां सर्प अन्य की अपेक्षा न करके आप भय देता है) पुरुषः सर्पेन शिशुं भाययति (यहां कर्त्ता को अन्य की अपेक्षा है) (पक्षे) भापयते। स्मापयते, स्माययति।
दीधी, वेवी, और दरिद्रा के अन्त्य स्वर का लोप होता है। यथा दीधयति, वेवयति, दरिद्रयति। वृ, स्मृ, जागृ, नृ, नॄ, और (भय अर्थ में) दॄ को गुण होता है। यथा; वरयति, स्मरयति, जागरयति, नरयति, दरयति इत्यादि। दॄ (विदारणे) का तो "दारयति" होता है। गॄ के दो रूप होंगे यथा गारयति, गालयति।

(२) मृज् को वृद्धि होती है। यथा; मार्जति

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

लङ्. अश्रावयत् अश्रावयताम् अश्रावयन् अश्रावयः अश्रावयतम् अश्रावयत अश्रावयम् अश्रावयाव अश्रावयाम

लिङ्. श्रावयेत् श्रावयेताम् श्रावयेयुः श्रावयेः श्रावयेतम् श्रावयेत श्रावयेयम् श्रावयेव श्रावयेम

२५६ णिच् प्रत्यय होनेसे अमन्त(१) और चटादि धातुके अन्त्य स्वर और उपधा अकार को वृद्धि नहि होती(२)। यथा;

अमन्त

गम्	दम्	रम्	शम्
गमयति	दमयति	रमयति	शमयति

घटादि

घट्	व्यथ्	जन्	त्वर्	ज्ञप
घटयति	व्यथयति	जनयति	त्वरयति	ज्ञपयति

२५७ तथा आकारान्त(३) धातुके उत्तर प होता है। यथा; (स्था) स्थापयति, इत्यादि।

२५८ तथा धातु के अन्त्य ए, ऐ, ओ, को आ होकर उसके उत्तर भी प(४) होता है यथा (दे) (दो) दापयति (गो) गापयति।

(१) नमप्रभृति को विकल्प करके वृद्धि होती है। कोइ यों का नित्य वृद्धि होती है यथा (कम) कामयति

(२) ज्वलप्रभृति को विकल्प करके वृद्धि होती है। यथा; ज्वलयति (वा) ज्वालयति।

(३) वा (अदादि) धातु के उत्तर ज भी होता है। यथा वाजयति। पा धातु के उत्तर, पानार्थ में य, और रक्षार्थ मे ल होता है। यथा (पानार्थ) पाययति (रक्षार्थ) पालयति।

(४) किसी २ धातु के उत्तर य भी होता है। यथा; (ह्वे) ह्वाययति, (वे) वाययति, (व्ये) व्याययति, (शो) शाययति, (छो) छाययति, (सो) साययति। ज्ञा, स्ना, श्रा (वा) श्रै और ग्लै धातु के आकार को विकल्प करके ह्रस्व भी होता है। यथा ज्ञापयति (वा) ज्ञपयति इत्यादि। स्ना और ग्लै के पूर्व यदि उपसर्ग हो तो उसके आ को अ नहि होता यथा परिग्लापयति। क्ष्णै के आ को नित्य ह्रस्व होता है यथा तेपयति।
कई एक इवर्णान्त धातु के अन्त्य इ ई को आ होकर उनके आगे प होता है। यथा (जि) जापयति (मि) (मी) मापयति, (क्री) क्रापयति, (अधि + इ) अध्यापयति। चि के चार रूप होते हैं। यथा चापयति, चपयति, चाययति, चययति इत्यादि। ली के भी चार रूप होते हैं, यथा लापयति, लाययति, लालयति, लीनयति। भी के दो रूप; यथा, भीषयति, भाययति धू के दो रूप; यथा, धूनयति, धावयति।

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

२५९ कुछ धातुओंके रूप विलक्षण होतेहैं। यथा; (रुह्) रोहयति (वा) रोपयति, (क्नूय् वा क्नू) क्नोपयति (दुष्) दूषयति[1] (हन्) घातयति, (शद्) शातयति, (स्फुर्) स्फारयति, वा, स्फोरयति (स्फाय्) स्फावयति, (स्माय्) स्मापयति, (मृज्) मार्जयति, (गुह्) गूहयति, (सिध्) साधयति, (यज्ञादिकर्मअर्थमे) सेधयति, (ह्लाद्) ह्लादयति, (रञ्ज्) (मृगया अर्थमे) रजयति (मृगान् व्याधः), (अन्यत्र) रञ्जयति (मृगान् रणदानेन[2])। (रध्) रन्धयति, (जभ्) जम्भयति, (रभ्) रम्भयति (लभ्) लम्भयति। (इ) गमयति।[3]

गुप्, विच्छ्, धूप्, पण्, पन्, ऋत् धातुओंके दो दो रूप होंगे। यथा गोपयति (वा) गोपाययति इत्यादि।

कृत के रूप कीर्तयति इत्यादि होंगे।

लुट्, लृट्, लृङ्,

लुट्	आवयिता[4]	आवयितारौ	आवयितारः	आवयितासि	आवयितास्थः	आवयितास्थ	आवयितास्मि	आवयितास्वः	आवयितास्मः
लृट्	आवयिष्यति	आवयिष्यतः	आवयिष्यन्ति	आवयिष्यसि	आवयिष्यथः	आवयिष्यथ	आवयिष्यामि	आवयिष्यावः	आवयिष्यामः
लृङ्	अआवयिष्यत्	अआवयिष्यताम्	अआवयिष्यन्	अआवयिष्यः	अआवयिष्यतम्	अआवयिष्यत	अआवयिष्यम्	अआवयिष्याव	अआवयिष्याम

आशीर्लिङ्

परस्मैपद

२६० आशीर्लिङ् के परस्मैपदमे णिजन्त धातुकी इका लोप होताहै।

आव्यात्	आव्यास्ताम्	आव्यासुः	आव्याः	आव्यास्तम्	आव्यास्त	आव्यासम्	आव्यास्व	आव्यास्म

आत्मनेपद

आवयिषीष्ट	आवयिषीयास्ताम्	आवयिषीरन्	आवयिषीष्ठाः	आवयिषीयास्थाम्	आवयिषीध्वम्	आवयिषीय	आवयिषीवहि	आवयिषीमहि

लिट्

२६१ लिट् विभक्तिमे णिजन्त धातुके उत्तर आम् होताहै; और आम् के उत्तर भू, कृ, अस्, इन तीन धातुओंका प्रयोग होताहै। यथा; आवयाम्बभूव, आवयाञ्चकार, आवयामास, इत्यादि।

(१) चित्तकी अप्रसन्नताके अर्थमे विकल्पकरके। यथा क्रोधः चित्तं दूषयति, दोषयति वा

(२) मृगया शब्दका अर्थ पशुवध है, इसीलिये पशुभिन्न अन्यजन्तुके वधमे न लोप नहि होता। यथा; रञ्जयति पक्षिणो व्याधः

(३) पलायन अर्थमे इको गम नहि होता। यथा; प्रति + इ = प्रत्याययति। (४) अनिट् धातु णिजन्त होनेसे उनके उत्तर इ लगता है।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

लुङ्

२६२ लुङ् विभक्तिमे णिजन्त धातुके उत्तर अ होता है।

२६३ "अ" होनेसे णिजन्त धातु अभ्यस्त होते हैं, और लिट् प्रकरणके सारे अभ्यस्त कार्य्य को प्राप्त होते हैं।

२६४ अ परे होनेसे णिजन्त धातुके पर भागका, अन्तस्थित इकार लोप होता है। (पर निमित्तक कार्य्य, अर्थात् य प्रभृति बने रहते हैं)

२६५ तथा ———— उपधा गुरु स्वर लघु होता है।[1]

२६६ लुङ् विभक्तिमे णिजन्त धातुके पूर्वभागका लघु स्वर गुरु होता है।

सिच् + इ = सेचि — असीषिचत् असीषिचताम् असीषिचन्

मुच् + इ = मोचि — अमूमुचत् अमूमुचताम् अमूमुचन्

२६७ परवर्ण गुरु स्वर युक्त होनेसे पूर्वभागका लघु स्वर गुरु नहिं होता।

(निन्द् + इ = निन्दि) — अनिनिन्दत् अनिनिन्दताम् अनिनिन्दन्

(शिक्ष + इ = शिक्षि) — अशिशिक्षत् अशिशिक्षताम् अशिशिक्षन्

(चिन्त + इ = चिन्ति) अचिचिन्तत्,

२६८ लुङ् विभक्तिमे णिजन्त धातुके पूर्वभागके अकारके स्थानमे ई होती है।[2] यथा;

चल + इ = चालि — अचीचलत्

पत् + इ = पाति — अपीपतत्

भज + इ = भाजि — अबीभजत्

हस + इ = हासि — अजीहसत्

२६९ परवर्ण गुरुस्वर युक्त होनेसे ई नहिं होती, यथा

(शास + इ = शासि) अशशासत्, (भक्ष + इ = भक्षि) अबभक्षत्, (लङ्घ + इ = लङ्घि) अललङ्घत्।
(भ्राज + इ = भ्राजि) अबभ्राजत् (लक्ष + इ = लक्षि) अललक्षत्, (याच् + इ = याचि) अययाचत्

२७० संयुक्तवर्ण परे होनेसे ह्रस्व इ होती है। यथा;

(व्यथ + इ = व्यथि) अविव्यथत् (ज्ञप + इ = ज्ञपि) अजिज्ञपत्

---

(१) ढौकि शासि प्रभृति कई एक णिजन्त धातुके उपधा गुरुस्वर लघु नहिं होते। यथा; अडुढौकत्

(२) दृ धातुका नहिं होता। यथा; अददरत्। अनेकस्वर विशिष्ट धातुका विकल्प करके होता है; यथा (चकासि) अचीचकासत् अचचकासत्॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

२७१ णिजन्त भ्राज, दीप, प्रभृति धातुओं के परभागका उपधागुरु स्वर विकल्पकरके लघु होना है। यथा; (भ्राजि) अबिभ्रजत् अबिभ्राजत् (दीपि) अदीदिपत्, अदिदीपत्, अजीजिवत्, अजिजीवत्।

२७२ जिन धातुओंकी उपधामे ऋ, ॠ, वा ऌ हो, णिजन्त लुङ्-विभक्ति मे, उनके पर भाग मे विकल्प करके ऋ, ऌ, हिर हती है। यथा; (वृत + इ = वर्त्ति), अवीवृतत्, अववर्त्तत्। (कृ(१)त + इ = कीर्त्ति) अचीकृतत्, अचिकीर्त्तत्, (कॢप् + इ = कल्पि) अचीकॢपत्, अचकल्पत् अचिकल्पत्।

२७३ णिजन्त लुङ् विभक्तिमे कुछ धातुओंके रूप विलक्षण होते हैं। यथा (पा + इ = पायि) अपीप्यत्, (स्था + इ = स्थापि) अतिष्ठिपत्, (घ्रा + इ = घ्रापि) अजिघ्रिपत् (वा) अजिघ्रपत्, (अधि + इ + इ = अध्यापि) अध्यजीगपत् (चेष्ट + इ) अचचेष्टत् (वा) अचिचेष्टत्, (ह्वे + इ = ह्वायि) अजुहावत् (वा) अजूहवत् (त्वर् + इ = त्वरि) अतत्वरत् (स्तॄ + इ = स्तारि, स्तृ + इ = स्तारि) अतस्तरत् अतिस्तरत् (दृ + इ = दारि) अददरत्, (द्युत + इ = द्योति) अदिद्युतत्, (श्वि + इ = श्वायि) अशूशवत् (वा) अशिश्वयत्, (स्मृ + इ = स्मारि) असस्मरत्, (स्वप् + इ = स्वापि) असूषुपत्, (कथ + इ = कथि) अचकथत् (वा) अचीकथत्, (गण + इ = गणि) अजगणत् (वा) अजीगणत्, (प्रथ + इ = प्रथि) अपप्रथत्।

२७४ णिजन्त लुङ् विभक्तिमे, स्वरादि धातुके पर व्यञ्जन वर्णको द्वित्व होकर पहिले व्यञ्जनके आगे इ लगती है। यथा (ऊह = अ + ऊजिह + अ + त) औजिहत्, (आप्) आपिपत्, (ईड्) ऐडिडत्

२७५ तथा स्वरादि धातुका पर वर्ण यदि र् वा न् युक्त हो तो उस वर्णका द्वित्व होनेसे पहिलेके साथ र् वा न् रहता है, दूसरे के साथ नहि। यथा, (अर्ह) आर्जिहत्, (ऋध् + इ = अर्धि) आर्दिधत्, (उन्द्) औन्दिदत्, (ऋ + इ = अर्पि) आर्पिपत्।

(१) कृत की ऋको ईर् होता है इ परे होनेसे।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

२७६ णिजन्तलुङ्मे स्वरादिधातुका परवर्ण यदि र् न् भिन्न वर्णसे युक्त हो तो प्रथम व्यञ्जन का द्वित्व होताहै। यथा (ईल) ऐलि-लत्,(अम्ब) आम्बिम्बत्

२७७ तथा स्वरादिधातुका परवर्ण यदि सस्वर हो तो सस्वरकोहि द्वित्व होताहै। यथा। (ऊर्ण) और्णुनवत्,(अवधीर्) आ-ववधीरत्,(अन्ध) आन्दधत्,(ऊन) औननत्

२७८ तथा श्रु, स्रु, द्रु, प्रु, प्लु, और च्यु, धातुके पूर्व भागके अकारके स्थानमे इ और उ होताहै। यथा; अशिश्रवत्, असुस्रवत्, अदिद्रवत्, अदुद्रवत्, इत्यादि।

चुरादिगण

२७९ चुरादिगणीय धातुओंके उत्तर स्वार्थमे णिच् होताहै; और णीजन्त धातुके कार्य्य होते हैं[1]।

(चुर + इ = चोरि)

लट्	लोट्	लङ्	लिङ्	लुट्	लृट्	लृङ्	लिङ्	लिट्
चोरयति	चोरयतु	अचोरयत्	चोरयेत्	चोरयिता	चोरयिष्यति	अचोरयिष्यत्	चोर्य्यात्	चोरयामास

लुङ्
अचूचुरत्

अकारान्त धातु[2]

२८० णिच् होनेसे धातुके अन्तस्थित अकारको लोपहोताहै; और फेर गुण वृद्धि नहिं होती। यथा; (रच) रचयति रचयतु रचयामास[3]

---

(१) कोईयोंके मतमे म्रच् धातुको गुण नहि होता यथा म्रचयति।

(२) यथा। अङ्क, अङ्ग, अञ्च, अर्थ, अन्ध, अवधीर, अंश, अस, आन्दोल, हिन्दोल, ऊन, कर्ण, कथ, कल, कड, काल, कुण, गुण, ग्राम, कुमार (वा) कुमाल, कुट्ट, कूट, कूण, कूप, केत, क्षप, खोट (वा) खोट (वा) खोड, खच, खेट (वा) खेड, (वा) खोट, गण, गवेष, गर्व्व, गद्द, गद्द, गोम, चह, चित्र, छिद्र, कर्ण, छद, छेद, तीर, तप, दुःख, दण्ड, चेक, ध्वन, निवास, पट, वट, पर्ण, पत, पद, पल्युल, वल्युल, पष, पश, पुट, पार, तीर, प्रेङ्खोल, भाज, भाम, मह, मिश्र, मूत्र, मृग, चर, रव, रस, रह, रूप, रूक्ष, लज, लञ्ज, लड, लाड, लाभ, वट, वण्ट, वर्ण, वर वस्सल, वस, वक्ष, विष्क, वात, वास, वीज, वेल, काल, वेल, (श्वेत) व्यय, (वित्त), व्रण, शठ, श्वठ, श्रील, शूर, वीर, श्रथ, श्रथ, सभाज, संग्राम, सङ्केत, सत्र, साम, सार, क्षप, सुख, सूच, सूत्र, स्तन, गद, स्तेन, स्तोम, स्थूल, स्पृह, स्फुट, स्वर, हिन्दोल, इत्यादि।
(शाकटायनके मतमे इन धातुओंके पीछे अपलगताहै यथा कथा पयति)(पद, गृह, मृग, कुह, शूर, वीर, स्थूल, अर्थ, सत्र, गर्व्व धातु आत्मनेपद हैं) (३) गद्द धातु की बको रा भी होताहै यथा ग्राद्दयति।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

२९१ लुङ् विभक्तिमे अकारान्त धातुके पूर्व्वभागका लघुस्वर गुरु नहिं होता, और अकार के स्थानमे इ अथवा ई नहिं होती। यथा; अररचत्

२९२ तथा कथ और गण धातुके पूर्व्वभागके अकारके स्थानमे विकल्पकरके ई होती है। यथा; अचीकथत् (वा) अचकथत्; अजीगणत् (वा) अजगणत्

सनन्त प्रकरण

२९३ इच्छा अर्थमे धातुके उत्तर सन् प्रत्यय होता है; सन् का स मात्र रहता है।

२९४ सन् प्रत्यय परे होनेसे धातुके उत्तर इ होती है; परन्तु अनिट् धातुके उत्तर नहिं होती(1)।

२९५ सन् प्रत्ययान्त धातु अभ्यस्त होते हैं, और सारे अभ्यस्तकार्य्यको प्राप्त होते हैं।

२९६ सन् प्रत्ययान्त धातुके पूर्व्वभागके अकारके स्थानमे इकार होता है(2)।

लट्

पठ	वद	जीव
पिपठिषति	विवदिषति	जिजीविषति

२९७ स्वरादि धातुमे इ युक्त परवर्णको द्वित्व होता है। यथा; (अट्) अटिटिषति, (अश) अशिशिषति (ऋ) अरिरिषति. पर ऋध् और पत् धातुके अभ्यस्त रूप विकल्प करके ईर्त्स और पित्स भी होते हैं। यथा (ऋधु) अर्दिधिषति (वा) ईर्त्सति; इ, उ, धातुके रूप ईषिषति ऊदिषति प्रभृति होते हैं (ऊर्णुके) ऊर्णुनुविषति ऊर्णुनविषति

(१) परन्तु स्मि, प्रच्छ, गम् अञ्ज, अश (स्वादि) धातुओंके उत्तर इ होती है। ग्रह, वृत (परस्मै), स्यन्द (पर
स्मै), और ऊकारान्त धातुओंके उत्तर इ नहिं होती।
स्तृ, स्तृ, दरिद्रा, श्रि, गृ, भृ, वृ, भ्रस्ज, पत, कृत, वृत, नृत, ऋध्, तन्, सन्, दम्भ, सू, और इव जिनधातु
ओंके अन्तमे हो यथा दिव्, ष्ठिव्, सिव्, और ऋकारान्तधातुओंके उत्तर विकल्प करके इ आती है।
(२) धातु जिस पदका हो सन् प्रत्यय होनेसे भी उसी पदका रहता है; णीजन्तके न्याई सनन्तभी सनन्त धातुगिने जाते हैं, और सारे धातुकार्य्यको प्राप्त होते हैं, और लडादि चार विभक्तियोंमे भ्वादिगणीय धातुके तुल्य होते हैं।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

ऊ एऊ उविषति (ये तीन प्रकार रूप होते हैं)

अनिट् धातु

नम	दह	पा	स्थां	भिद	बुध
निनंसति	दिधक्षति	पिपासति	तिष्ठासति	बिभित्सति	बुभुत्सति

२८८ सन् प्रत्यय परक इ होनेसे धातुके उपधा लघु स्वरको गुण[1] होताहै। यथा; (लिख्) लिलेखिषति, (शुभ) शुशोभिषते, (नृत्) निनर्तिषति, (वृत्) विवर्तिषते। (उख) ओचिखिषति, (इष) एषिषिषति, (अनिटि) (युध) युयुत्सते।

२८९ रुद्, विद्, और मुष धातुके उपधा लघु स्वर को गुण नहिं होता। यथा; रुरुदिषति, विविदिषति, मुमुषिषति। मुद, क्लिद् को विकल्पकरके। यथा मुमुदिषति, मुमोदिषति

२९० सन प्रत्यय परे होनेसे ग्रह धातुके स्थानमे गृह, स्वप्के स्थानमे सुप् और प्रच्छके स्थानमे पृच्छ होताहै। यथा; जिघृक्षति, सुषुप्सति;

२९१ तथा धातुका अन्त्यस्वर दीर्घ होताहै। यथा; (श्रि) शिश्रीषति[2], (द्रु) दुद्रूषति, (ऊ) जुहूषति। ए, ऐ, ओका आ होता-है। यथा (गै) जिगासति

२९२ तथा धातुके अन्तस्थित ऋ ॠके स्थानमे ईर्[3] हो-ताहै। यथा (कृ) चिकीर्षति, (धृ) दिधीर्षति (हृ) जिहीर्षति (तॄ) तितीर्षति[4]। ऋकार पवर्गके परे होनेसे उसे ऊर् होताहै। यथा (मृ) मुमूर्षति।

---

(१) इट् को विकल्पकरके यू भी होताहै। यथा (सिव) सुस्यूषति (वा) सिसेविषति। दुद्यूषति, दिदेविषति; कुवा-दिको गुण नहिं होता (२९२-२५ देखो) ऌङादिप्रकरणोक्त अन्यान्य विशेषकार्य्यभी होते हैं। यथा (भ्रस्ज्) बिभ्रक्षति, वा बिभर्क्षति, बिभ्रज्जिषति, बिभर्जिषति। (मज्ज) मिमङ्क्षति, (नश) निनङ्क्षति (नह) निनत्सति (दरिद्रा) दिदरिद्रिषति, (वा) दिदरिद्रासति। (कम्) चिकमिषते (वा) चिकामयिषते (गुप्) जुगोपिषति, जुगोपायिषति। (२) शिश्रयिषतिभी होताहै

(३) धातुकी उपधा ऋकाभी ईर् होताहै। यथा (कृत्) चिकीर्तयिषति (४) इट् विकल्प करके होताहै। यथा; तितरिषति वा तितरीषति

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

२९३ सन्प्रत्ययान्त अभ्यस्त दा, धा, आप्, मा, लभ, रभ, धातुओंके स्थानमे यथा क्रम, दित्स, धित्स, ईप्स, मित्स, लिप्स, रिप्स, होताहै यथा; दित्सति, धित्सति ईप्सति, मित्सति, लिप्सते, रिप्सते[1]।

२९४ लिट् विभक्तिमे सनन्त धातुके उत्तर आम्, और भू, अस्, कृ, होते हैं। यथा; चिकीर्षाम्बभूव, चिकीर्षाञ्चकार, चिकीर्षामास।

लुट्, ल्टट्, लृङ्, लुङ्, और आशीर्लिङ्के आत्मनेपदमे, सन प्रत्ययके उत्तर इ लगती है।

लुट्	लृट्	लृङ्	लुङ्	आशीर्लिङ्
चिकीर्षिता	चिकीर्षिष्यति	अचिकीर्षिष्यत्	अचिकीर्षीत्	चिकीर्ष्यात्

२९५ कित्, तिज, गुप्, वध, और मान, धातुओंके उत्तर स्वार्थमे सन् होताहै और वध और मान धातुके पूर्वभागके अकार और आकारके स्थानमे ईकार होताहै। यथा, चिकित्सति, तितिक्षते, जुगुप्सते, बीभत्सते, मीमांसते।

यङन्त प्रकरण

२९६ एकस्वर युक्त और आदिमे व्यञ्जन वर्णविशिष्ट धातुके उत्तर पौनः पुन्य और अतिशय अर्थमे यङ् होताहै। यङ् काय मात्र रहताहै। यङन्त धातु आत्मनेपद होतें है[2]

(१) (चि) चिकीषति, चिचीषति। (गम्) जिगांसति, जिगमिषति। (गॄ) जिगलिषति, जिगरिषति (जि) जिगीषति। (अद) जिघत्सति। (हन) जिघांसति। (हि) जिघीषति (ह्वे) जुहूषति। (तन्) तितांसति, तितनिषति। (तॄह) तितृक्षति। (दृ आदरे) दिदरिषते। (दृ विदारणे) दिदरिषति दिदरीषति दिदीर्षति (द्युत) दिद्युतिषते, दिद्योतिषते। (धृ) दिधरिषति। (दम्भ) धिप्सति धीप्सति, दिदम्भिषति। (पद्, पत्) पित्सति (वा) पिपतिषति। (पू) पिपविषति, पुपूषति (भृ) बिभरिषति बुभूर्षति (मि, मी, मे) मित्सति (मृज्) मिमृक्षति मिमार्जिषति (यु) यियविषति, युयूषति। (राध्) रित्सति (रभ्) रिप्सते (लभ्) लिप्सते (वृ) विवरिषति, विवरीषति, वुवूर्षति। (भ्रस्ज) बिभ्रक्षति (शक्) शिक्षति (सन्) सिषासति सिसनिषति (स्मि) सिस्मयिषति (स्वृ) सिस्वरिषति सुस्वूर्षति। येसब विशेषरूप होते हैं।

(२) णिजन्त और सनन्तकी न्याई यङन्त भी सनन्त धातु गिने जाते हैं और लआदि चार विभक्तियोंमे भ्वादिगणीय धातुके तुल्य होते हैं।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

२९७ यङ् होनेसे धातु अभ्यस्त होते हैं; और सारे अभ्यस्तकार्य्य कोभी होते हैं।

२९८ यङ्-अन्त्यन्त धातु के पूर्व्वभाग का अकार दीर्घ होता है। यथा, (लप्) लालप्यते (नप्) नानप्यते (लष) लालष्यते।

२९९ यङ्-अन्त्यन्त धातुके पूर्व्वभाग को गुण होता है। यथा; (शुच) शोशुच्यते (दीप्) देदीप्यते (लुप) लोलुप्यते (सिच्) सेसिच्यते (रुद्) रोरुद्यते।

३०० यङ् होनेसे नान्त, मान्त, और लान्त धातुके पूर्व्वभाग के स्वरवर्ण से परे अनुस्वार, अथवा पर सवर्णी सानुनासिक वर्ण होता है।[1] यथा (जन्) जञ्जन्यते (मन्) मम्मन्यते (गम्) जङ्गम्यते (क्रम) चङ्क्रम्यते (चल्)[2] चञ्चल्यते (गल्) जंगल्यते (फल्) पंफल्यते इत्यादि।

३०१ ऋकारोपध धातुके पूर्व्वभागसे परे री होती है। यथा (नृत) नरीनृत्यते, (सृप) सरीसृप्यते, (कृष) चरीकृष्यते।

३०२ ऋकारान्त धातुके ऋके स्थानमे री होती है। यथा, (कृ) चेक्रीयते, (सृ) सेस्रीयते।

३०३ लुङादि अय विभक्तियोंमे व्यञ्जन वर्णसे परे यङ्-का लोप होता है। यथा (लुट्) शोशुचिता (लृट्) शोशुचिष्यते (लृङ्) अशोशुचिष्यत (लिट्) शोशुचामास, शोशुचाम्बभूव, शोशुचाञ्चक्रे (लङ्) अशोशुचिषत (आशीर्लिङ्) शोशुचिषीष्ट।

(१) परन्तु स्वरादि धातु को सम्पूर्ण द्वित्व होता है, और शेष भाग का ह्रस्व स्वर दीर्घ होता है। यथा; (अट्) अटाट्यते। ऋका रूप इस प्रकार होता है। यथा, अरार्य्यते इत्यादि। कृछ एक धातुओं के पूर्व्वभाग से परे नी आती है। यथा; (पद्) पनीपद्यते (पत्) पनीपत्यते (कस्) चनीकस्यते (कश्) चनीकश्यते (भ्रंश) बनीभ्रश्यते (यङ् मे धातुके उपधा न्का लोप होजाता है) (स्रंस) सनीस्रस्यते (ध्वंस) दनीध्वस्यते (स्कन्द) चनीस्कद्यते। ध्माके देध्मीयते घ्राके जेघ्रीयते और गृके जेगिल्यते इत्यादि रूप होते हैं। (दा) देदीयते (गै) जेगीयते (वे) वेवीयते (लुप्) लोलुप्यते (स्वप्) सेषिप्यते प्रभृति भी रूप होते हैं।

(२) जप्, जभ्, दह्, दंश्, भंज् प्रभृति के पूर्व्व भागके अके दीर्घ होनेके स्थानमे अनुस्वार भी आजाता है। यथा; जञ्जप्यते, दन्दश्यते बम्भज्यते इत्यादि। चर् के चञ्चूर्य्यते इत्यादि रूप होते हैं। हन् के, जेघ्नीयते जंघन्यते, और जङ्घन्यते ये तीन प्रकारके रूप होते हैं।

(३) इसके विकल्प करके जाजायते प्रभृति रूप भी होते हैं।

(४) चाकल्यते प्रभृति भी

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

यङ्लुगन्त

३०४ यङ्प्रत्ययका विकल्पकरके लोप भी होजाताहै।

३०५ यङ्के लुक होनेसे भी धातु अभ्यस्त होतेहैं, और अदादिगणके परस्मैपदकी न्याईं उनके रूप होतेहैं। यथा; (दा) दादाति

३०६ तथा ——— पूर्वभागको गुण होताहै, और अको आ। यथा (विद्) वेवेत्ति (पच्) पापक्ति

३०७ तथा ——— पूर्वभागके अ के पीछे र ई भी विकल्पकरके लगतेहैं। यथा (कृ) चरीकर्त्ति, चरिकर्त्ति, चर्कर्त्ति

३०८ तथा ——— ऋको द्वित्व होकर अर्ऋ (वा) अरिऋ होताहै। यथा अरर्त्ति, अरियर्त्ति

३०९ तथा ——— गृ, तृ के पूर्वभागमें आ होताहै। यथा जागर्त्ति, तातर्त्ति

३१० तथा ——— अनुस्वारागम प्रभृति कार्य्य पूर्ववत् होतेहैं। यथा जङ्गन्ति

३११ तथा ——— ति, सि, मि, तु, त्, :, विभक्तियों के पूर्वविकल्पकरके ई लगतीहै। यथा (भू) बोभवीति, (वा) बोभोति बोभूतः, बोभुवति

३१२ तथा ——— आकारान्त धातुके शेष आको ई होताहै ति, सि, मि, तु, त्, :, भिन्नव्यञ्जन विभक्ति परे होनेसे। यथा (हा) जाहीवः, जाहीमः। परदा धाके शेष आका लोप होताहै। यथा, दाद्वः, दाध्मः

३१३ तथा ——— तथा ——— ई विकल्पकरके होताहै ति, सि, मि, तु, त्, :, विभक्ति परे होनेसे; और उस ईको गुण भी होताहै। यथा; जाहाति (वा) जाहेति

३१४ तथा ——— तथा ——— आका लोप होताहै स्वरादि विभक्ति परे होनेसे। यथा; (हा + अन्ति) जाहति, दादति

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

३१५ यङ्के लुक् होनेसे आकारान्त धातुके आको विकल्पकरके ए होताहै यादि विभक्ति परे होनेसे। यथा जाहायात् (वा) जाहेयात्

३१६ तथा ——— घ्रा और ध्मा के आको ई होजाताहै। यथा दा-धेति

३१७ लिट्मे (बुध्) बोबुधामास, (भू) बोभवामास (यहां ऊको गुण होगया) (हन्) वावञ्जामास

३१८ आशीर्लिङ् को छोड़कर अवशिष्ट चार लकारोंमे सब धातुयोंसे इका आगम होताहै; पर इआनेसे भी कई धातुओंके शेष भागके उपधास्वरको गुण नहि होता। यथा; (बुध) बोबुधिता (भी) बेभियता, बोबुधिष्यति, परन्तु (भू) बोभविता।

कर्म्मवाच्य और भाव वाच्य प्रकरण

३१९ कर्म्मवाच्य और भाववाच्य होनेसे धातु आत्मनेपदहोते हैं

३२० कर्म्म वाच्य होनेसे कर्म्म पदमे जो पुरुष और जो वचन होताहै, क्रियापदमे भी वहि पुरुष और वहि वचन होता है।

३२१ भाव वाच्य क्रियामे केवल प्रथम पुरुष का एक वचन होताहै।

३२२ कर्म्मवाच्य और भाववाच्य होनसे लडादि चार विभक्तियों मे सब गणके धातुओंके उत्तर य होताहै। यथा (गम) गम्यते (पठ) पठ्यते (त्यज्) त्यज्यते (भुज) भुज्यते (भिद्) भिद्यते (छिद्) छिद्यते (मुच्) मुच्यते (स्पृश) स्पृश्यते (लभ) लभ्यते (नी) नीयते (हन्) हन्यते (ज्ञा) ज्ञायते (सृज्) सृज्यते (ध्या) ध्यायते (सेव) सेव्यते (लुप) लुप्यते; इत्यादि।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

३२३ य परे होनेसे दा, धा, मा, गा, हा, पा[१], सा, स्था, धातुओंके आकारको ई होती है। यथा (दा) दीयते, एवं धीयते, मीयते, गीयते, हीयते, पीयते, सीयते, स्थीयते[२]।

३२४ १३४ से लेकर ९० नियमोंमे आशीर्लिङ् के परस्मैपदमे जिस धातुका जो कार्य्य होताहै य प्रत्यय परे होनेसे भी उस धातुको वहि कार्य्य होताहै[३]। यथा;

१३४ नियमानुयायी उदाहरण (जि) जीयते (श्रि) श्रीयते (स्तु) स्तूयते (स्तॄ) स्तीयते इत्यादि[४]।

१३५ तथा (कृ) क्रियते (भृ) भ्रियते (हृ) ह्रियते (मृ) म्रियते इत्यादि।

१३६ तथा (स्मृ) स्मर्य्यते (स्तृ) स्तर्य्यते (ऋ) अर्य्यते (जागृ) जागर्य्यते,

१३७ तथा (तॄ) तीर्य्यते (कॄ) कीर्य्यते (पॄ) पूर्य्यते

१३८ तथा (ग्रह) गृह्यते (प्रच्छ) पृच्छ्यते (व्यधु) विध्यते (यज) इज्यते

१३९ तथा (वच्) उच्यते (वद्) उद्यते (वप्) उप्यते (वस्) उष्यते (वह्) उह्यते (स्वप्) सुप्यते इत्यादि।

१४० तथा (ह्वे) हूयते (व्ये) वीयते (वे) ऊयते

१४१ तथा (शास्) शिष्यते।

१४२ तथा (ध्वंस) ध्वस्यते, (मन्थ) मथ्यते, (भ्रंश) भ्रश्यते, (भञ्ज) भज्यते, (शंस) शस्यते, (बन्ध) बध्यते, (लम्भ) लभ्यते, (सञ्ज) सज्यते।

१४३ तथा जायते, जन्यते, तायते। खन्यते, सायते, सन्यते[५]

३२५ य परे होनेसे णिजन्त धातुके अन्तस्थित इकारको लोप होताहै[६]। यथा (कारि) कार्य्यते, (स्थापि) स्थाप्यते, (हर्षि) हृष्यते, (दर्शि) दर्श्यते।

३२६ सन् प्रत्ययके अकारका लोप होताहै य परे होनेसे। यथा (बुध) बोधिष्यते।

(१) पानार्थक पा धातु। (२) आकारान्त अन्य धातु वैसेहि रहतेहैं। यथा; ख्यायते, ज्ञायते। दरिद्रा, दीधी, वेवीके अन्त्य स्वरका लोप होताहै। यथा; दरिद्र्यते। ज्याको जी होताहै, जीयते। (३) ४९ वें नियमोक्त आदेशकी न्याइ (कम्) कम्यते (कम्) काम्यते, गुप्ये (गा) गोपाय्यते, विच्छ्यते विच्छाय्यते ऋत्यते, ऋतीय्यते इत्यादि रूप भी होतेहैं। ऊह को उह होताहै उपसर्ग पूर्व होने से। अज को वी, चक्ष को ख्या, अस् को भू, ब्रू को वच्, चक्ष को ख्याञ् होताहै
(४) श्विको शू और श्वी को शायू होताहै। यथा; शूयते, शाय्यते। (५) जायते, जन्यतेभी (६) परइके ह्रस्वादिका ... रहतेहैं)

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

(सेव धातु)

लिट्	लुट्	लृट्	लृङ्	आशीर्लिङ्
सिषेवे	सेविता	सेविष्यते	असेविष्यत	सेविषीष्ट
सिषेवाते	सेवितारौ	सेविष्येते	असेविष्येताम्	सेविषीयास्ताम्
सिषेविरे	सेवितारः	सेविष्यन्ते	असेविष्यन्त	सेविषीरन्

(भुज् धातु)

बुभुजे	भोक्ता	भोक्ष्यते	अभोक्ष्यत	भुक्षीष्ट
बुभुजाते	भोक्तारौ	भोक्ष्येते	अभोक्ष्येताम्	भुक्षीयास्ताम्
बुभुजिरे	भोक्तारः	भोक्ष्यन्ते	अभोक्ष्यन्त	भुक्षीरन्

(पच) पेचे इत्यादि

१२७ लुट्, लृट्, लृङ्, और आशीर्लिङ् विभक्तियोंमें स्वरान्त धातु और ग्रह, दृश, और हन धातुओंके उत्तर विकल्प करके इ होती है।

१२८ यह इ परे होनेसे धातुके अन्त्य स्वर और उपधा अकारको वृद्धि होती है।

(स्वरान्त श्रु धातु)

शुश्रुवे	श्रोता	श्रोष्यते	अश्रोष्यत	श्रोषीष्ट
	श्राविता	श्राविष्यते	अश्राविष्यत	श्राविषीष्ट

(ग्रह धातु)

जगृहे	ग्रहीता	ग्रहीष्यते	अग्रहीष्यत	ग्रहीषीष्ट
	ग्राहिता	ग्राहिष्यते	अग्राहिष्यत	ग्राहिषीष्ट

१२९ यह इ परे होनेसे उपधा लघुस्वरको गुण होताहै

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

(दृश् धातु)

ददृशे	द्रष्टा	दृश्यते	अदृश्यत	दृक्षीष्ट
	दर्शिता	दर्शिष्यते	अदर्शिष्यत	दर्शिषीष्ट

२३० यह इ परे होनेसे हन् धातुके ह् के स्थानमे घ होता है

लिट्	लुट्	लृट्	लृङ्	आशीर्लिङ्
जघ्ने	हन्ता	हनिष्यते	अहनिष्यत	वधिषीष्ट
	घानिता	घानिष्यते	अघानिष्यत	घानिषीष्ट

२३१ यह इ परे होनेसे आकारान्त धातुके उत्तर य भी होता है

(दा धातु)

ददे	दाता	दास्यते	अदास्यत	दासीष्ट
	दायिता	दायिष्यते	अदायिष्यत	दायिषीष्ट

लुङ्

२३२ कर्म वाच्य और भाव वाच्यमे लुङ् के त विभक्तिके स्थानमे इ होतीहै; यह इ परे होनेसे अन्त्य स्वर और(१) उपधा अकार की वृद्धि होतीहै, और उपधा लघुस्वर को गुण होता है।(२)

(वद् धातु)	सिव्	भज	मन
अवादि	असेवि	अभाजि	अमानि
अवादिषाताम्	असेविषाताम्	अभक्षाताम्	अमंसाताम्
अवादिषत	असेविषत	अभक्षत	अमंसत

२३३ स्वरान्त धातु, और ग्रह्, दृश्, हन् धातुओंको लुङ् की त भिन्न विभक्तियोंमे लृङादि की न्याई कार्य होते हैं

(१) अमन्त प्राय सारे धातुओंके अ की वृद्धि नहि होती। यथा; अक्रमि, अतमि, अशमि (शान्त्यर्थ मे, अन्यत्र अशामि) और जन् का दीर्घ नहि होता, अजनि। (२) मृज् के अमार्जि और गुह् के अगूहि प्रभृति रूप होते हैं। (३) ४६ वें नियमानुयायी अकमि वा अकामि, रध्, जभ्, रभ्, मे न् आताहै। यथा अरन्धि। लभ को विकल्प अगोपि वा अगोपायि; अविच्छि अविच्छायि। करके अलम्भि (वा) अलाभि; पर उपसर्ग पूर्व्वक लभ् को नित्य। प्रालम्भि। भञ्ज् के न् का विकल्प करके लोप होता है अभाजि, अभञ्जि। ईड् के अईडि, ऐडि, वा अईडि ये तीन रूप होते हैं। इ को गा; अगायि। अधि पूर्व्वक इ को विकल्प करके गा। यथा; अध्यगायि अध्यायि। ऋत को आर्तीयि वा आर्ति।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

	(दा)	(श्रु)	(ग्रह)	(दृश्)
प्र.[1]	अदायि	अश्रावि	अग्राहि	अदर्शि
द्वि.	अदिषाताम्	अश्रोषाताम्	अग्रहीषाताम्	अदृक्षाताम्
	अदायिषाताम्	अश्राविषाताम्	अग्राहिषाताम्	अदर्शिषाताम्
ब.	अदिषत	अश्रोषत	अग्रहीषत	अदृक्षत
	अदायिषत	अश्राविषत	अग्राहिषत	अदर्शिषत

(हन्)

प्र.	द्वि.	ब.
अवधि	अवधिषाताम्	अवधिषत
अघानि	अहसाताम्	अहसत
	अघानिषाताम्	अघानिषत

नामधातु

३३४ नामसे परे कई एक प्रत्यय होते हैं और वे प्रत्यय होने से शब्दको धातु न होता है, और वह नामधातु कहलाता है ॥

३३५ सारे नामधातुओंके भ्वादिगणीय धातुओंकी न्याईं रूप होते हैं ।

काम्य प्रत्यय अपनी इच्छा अर्थमे — (आत्मनः पुत्रमिच्छति) पुत्रकाम्यति, पुत्रकाम्येत्, पुत्रकाम्यतु, अपुत्रकाम्यत्, पुत्रकाम्यामास पुत्रकाम्यिष्यति, अपुत्रकाम्यिष्यत् पुत्रकाम्यात् अपुत्रकाम्यीत् (पुत्रस्य पुत्रमिच्छति इत्यादिस्थलेन)

क्यच् ———— तथा ———— परस्मैपद होता है (क्यच् काय रहता है) क्यच् होनेसे शब्दका अन्त अकार

(१) प्रथम पुरुषके एक वचन मे विकल्प नहि होते

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

		ई होजाताहै और ह्रस्व स्वर दीर्घ होता है। यथा, पुत्रीयति
	बुभुक्षा अर्थमेभी	अशनशब्दसे। अशनशब्दका अन्त्य अकार दीर्घ होजाताहै। यथा; अशनायति
	पिपासा अर्थमेभी	उदकशब्दसे उदको उदन्होजाताहै। यथा; उदन्यति
	करण अर्थमेभी	नमस् तपस् और वरिवस् शब्दसे। यथा, नमस्यति, तपस्यति, वरिवस्यति।
	आचारअर्थमेभी	कर्म्मवाचक उपमानके उत्तर। यथा (शिष्यं पुत्रमिव) (आचरति) पुत्रीयति शिष्यम्।
		अन्त्यस्थित ऋके स्थानमे री होताहै। यथा; उपाध्यायंपितरमिव आचरति। पित्रीयति उपाध्यायम्
क्यङ्	तथा	कर्त्तृवाचक उपमानके उत्तर और आत्मनेपद होता है। शब्दका अन्तस्थित ह्रस्व स्वर दीर्घ होताहै और न,स लोप होता है। यथा पुत्रायते, शिष्यायते, हंसायते सखीयते
		अन्तस्थित ऋके स्थानमे री पित्रीयते।
	करणअर्थमेभी	शब्द वैर कलह शब्दसे। यथा शब्दायते, वैरायते, कलहायते
	अनुभवअर्थमेभी	सुख दुःख कृच्छ्र शब्दसे। सुखायते, दुःखायते, कृच्छ्रायते
क्यङ्	प्रत्यय होताहै उद्वमनअर्थमे	वाष्प उष्मन् फेन धूम शब्दसे। यथा वाष्पायते, उष्मायते, फेनायते, धूमायते

उद्गार पूर्व्वक चर्व्वन अर्थमे रोमन्थशब्दसे। यथा; रोमन्थायते

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

अभूततद्भाव अर्थमे	यथा (अभृशो भृशोभवति) भृशायते, (एवं) शीघ्रायते, चपलायते, मन्दायते पण्डितायते, उत्सुकायते, सुमनायते दुर्मनायते, उन्मनायते
क्विप् आचरण अर्थमे	कर्तृवाचक उपमानके उत्तर (क्विप् का कुछ नहिं रहता है) परस्मैपद होता है। यथा; (पुत्र इव आचरति) पुत्रति (एवं) शिष्यति, सखयति, वध्वति पितरति मातरति
णिच् करण अर्थमे	णिजन्त प्रकरणमे जोसब विधान हुआहै, यहां भी यथा सम्भव वहसब होताहै। यथा; (भस्मं करोति) भस्मयति, शब्दयति, (ऋ) पृथु मृदु दृढ के ऋको र। यथा; प्रथयति, म्रदयति, द्रढयति। स्थूलको स्थव दूरको दव, अन्तिकको नेद, बहुलको बंह होताहै। यथा; स्थवयति। दवयति, नेदयति बंहयति।
स्य (वा) अस्य कामना अर्थमे	परस्मैपदमे - यथा (मधु) मधुस्यति (वा) मध्वस्यति (अश्व) अश्वस्यति

पदव्यवस्था

२३८. कुछएक आत्मने पद और उभय पद धातु उपसर्ग विशेषके योगमे और अवस्था विशेषमे परस्मै पद होजाते हैं। यथा विरमति, आरमति, परिरमति, उपरमति (वा) उपरमते अनुकरोति पराकरोति, अभिक्षिपति प्रतिक्षिपति, अतिक्षिपति, प्रवह

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

ति, (लिट्, लुट्, लृट्, लृङ्, मे रूप) ममार मर्त्ता मरिष्यति
अमरिष्यत् (णीजन्त) बोधयति, योधयति, नाशयति जन-
यति, अध्यापयति, (णीजन्त भोजनार्थ और चलनार्थ)
भोजयति, आशयति, चलयति, कम्पयति, (णीजन्त) स्राव-
यति, द्रावयति, स्रावयति, अणीजन्तकालमे अकर्मक धातु
आणीकर्त्ता होनेसे णीजन्त अवस्थामे पं और सकर्मक
होता है; पुत्रः शेते, माता पुत्रं शाययति इत्यादि ॥

२३८ कई एक परस्मैपदी और उभय पदीधातु उपसर्ग विशेष
के योगमे और अवस्था विशेषमे आत्मने पद होजाते हैं
यथा निविशते विक्रीणीते परिक्रीणीते अवक्रीणीते वि-
जयते पराजयते। आदत्ते (नविस्तारे अर्थे) मुखं व्याद-
दाति सिंहः; आ-अनु-परिक्रीडते, संक्रीडते (नकूजनार्थे)
संक्रीडति चक्रं (हर्ष प्रकाश आहारान्वेषण वास ग्रहनेच्छा
अर्थे अप-कृ धातु) अपस्किरते वृषभः अपस्किरते कुक्कु-
टः, अपस्किरते सारमेयः आपृच्छते, प्र-वि-अव-सं-ति-
ष्ठते उत्तिष्ठते (नउत्थानार्थे) आसना उत्तिष्ठति (देवपू-
जा मिलन मैत्रीकरण अर्थे) विष्णुमुपतिष्ठते वैष्णवः
यमुना मुपतिष्ठते गङ्गा, साधुमुपतिष्ठते साधुः (लाभेच्छा-
यां) (वा) धनिनमुपतिष्ठति उपतिष्ठते वा भिक्षुः (उपपू-
र्व्वक अकर्म्मकस्याधातु) भोजनकाल उपतिष्ठते
(आ पूर्व्वक अकर्म्मक हन्, यम्) आहते, आयच्छते (आत्म
अवयव कर्म्म होनेसे) आयच्छते पाणिमात्मीयम्; आहते
स्वीयं शिरः (सम् पूर्व्वक अकर्म्मक गमश्च) सङ्गच्छते, सं-
शृणुते; (स्पर्द्धा अर्थे) मल्लमाह्वयते मल्लः; (हृदि उत्साह अ-
प्रतिबन्ध अर्थे(१)) सतांश्रीः क्रमते, अध्ययनाय क्रमते शिष्यः
शास्त्रेषु क्रमते बुद्धिः; (ग्रह नक्षत्रादि ज्योति पदार्थोंके ऊर्द्ध
गमन अर्थमे) आक्रमते सूर्य्यः; (पदविक्षेप अर्थे) साधु वि-

(१) पर, और उपभिन्न अन्य उपसर्गके योगमे नहि होता।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

क्रमते वाजी; (आरम्भ अर्थे) प्रक्रमते भोक्तुम्, उपक्रमते भोक्तुम्; (उपसर्ग हीन क्रमको (वा) क्रमते (वा) क्रामति; (अपह्नवार्थे) उक्तमपजानीते अपलपतीत्यर्थः संजानीते प्रतिजानीते (न स्मरणार्थे) पुत्रं संजानाति; (उपसर्ग हीन ज्ञा धातुको वा) जानीते (वा) जानाति; (प्रतिज्ञा अर्थे) सङ्गिरते, उच्चरते गुरुवचनं (न अकर्म्मके) उच्चरति धूमः; (तृतीयान्त पदयोगे) अश्वेन सञ्चरते (विवाह अर्थे) कन्यामुपयच्छते; (उपसर्ग[१] पूर्व्वक भुज) प्रभुङ्क्ते निभुङ्क्ते इत्यादि; भुङ्क्ते (न रक्षार्थे) महीं भुनक्ति राजा (जो कर्त्ता स्वप्रयोजनोद्देशसे क्रियाका अनुष्ठान करे तो उभय पद धातुके उत्तर केवल आत्मने पद होता है) यजते विप्रः, यजति याजकः (सन्नन्त जिज्ञासते, शुश्रूषते, सुस्मूर्षते, दिदृक्षते, (अनुपूर्व्वक ज्ञाको न) अनुजिज्ञासति (प्रति आ पूर्व्वक श्रुको न) प्रतिशुश्रूषति, आशुश्रूषति

लकारार्थ निर्णय

३३८ वर्त्तमान कालमे धातुके उत्तर लट् विभक्ति होती है। यथा भवति (होता है, होती है) गच्छति (जाता है) पश्यति (देखता है)

३३९ अतीत कालमे धातुके उत्तर लिट्, लङ्, और लुङ् होता है। यथा; जगाम, अगच्छत्, अगमत् (गया था, गया है, गया)

३४० भविष्यत्कालमे धातुके उत्तर लुट् और लृट् होता है। यथा; गन्ता; गमिष्यति (जानेवाला है, जायगा)

३४१ स्मशब्दके योगमे अतीतकालमे लट् होता है। यथा; सममूद्रमागच्छति स्म (वह मेरे घरमे आया था) सव्याकरणमधीते स्म (तिसने व्याकरण पढ़ा है)

(१) निर, दुर, सम, पूर्व्वक भुजको नहि होता

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

३४२ माशब्दके योगमे सबकालोंमे लुङ् होताहै यथा माभ-
त् दुःखम्, माभूत्शोकः
३४३ मास्मशब्दके योगमे सबकालोंमे लङ् और लुङ् होताहै
यथा, मास्म भवदुःखम्, मास्मभूत् शोकः
३४४ यावत् और पुराशब्दके योगमे भविष्यत् कालमे लट् हो
ताहै। यथा, सयावत् आगच्छति तावत् अहं गमिष्यामि
(वह जब तक आवेगा मै तबतक जाऊंगा)
३४५ कदा और कर्हि शब्दोंके योगमे भविष्यत्कालमे विकल्पक
रके लट् होताहै। यथा, कदा ददामि न जाने, कदा दास्या-
मि नजाने
३४६ कथंशब्द के योगमे सर्व्वकालमे विकल्पकरके लट् और
विधिलिङ् होताहै। यथा, कथं गच्छामि कथंगच्छेः
३४७ यदा और यदि शब्दके योगमे भविष्यत्कालमे विधि लिङ्
होताहै। यथा, वत्स्यामि यदास आगच्छेत्, दास्यामि यदि
स आगच्छेत्
३४८ आशीर्व्वाद अर्थमे धातुके उत्तर आशीर्लिङ् और लोट्
होताहै। यथा, तव सुखं भूयात्, तव सुखं भवतु
३४९ आशीर्व्वाद अर्थमे लोट्के तु और हि के स्थानमे विकल्प
करके तात् होताहै। यथा, तव कुशलं भवतात्, भवतु (वा)
ईशस्त्वां पातात् पाहि (वा)
३५० विधि अर्थमे धातुके उत्तर विधिलिङ् होताहै, विधि दोप्रकार
की है, प्रवर्त्तना और निवर्त्तना, सत्कर्म्ममे प्रवृत्ति होनकराने
का नाम प्रवर्त्तना है, असत् कर्म्ममे निवर्त्तनकरानेकानाम
निवर्त्तना है। यथा, (प्रवर्त्तना) सत्यं वदेत्, प्रियं ब्रूयात् (गुरून्
अर्च्चयेत् (निवर्त्तना) नानृतं वदेत्, क्रोधं यत्नेन वर्ज्जयेत्
३५१ अनुज्ञा, नियोग, निमन्त्रण, अनुरोध, प्रार्थना, जिज्ञासा, इन
अर्थोंमे विधिलिङ् और लोट् होताहै। यथा, (अनुज्ञा) गच्छ

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

न्तु भवान्, (नियोग) करोतु भवान्, (निमन्त्रण) इह भुञ्जीत भवान्, (अनुरोध) इह शयीत भवान्, (प्रार्थना) मन्त्रमध्यापयेद्भवान्, (जिज्ञासा) किंभो व्याकरणमधीयीय उत साहित्यम्?

३५२ दो क्रियाओंमे कार्य्यकारणभावका बोध होनेसे दोनो क्रियाओंसे भविष्यत्कालमे विधि लिङ् होताहै। यथा; यदि बाल्ये अधीयीत, यावज्जीवं सुखं लभेत; यदि प्रियं वदेत, सर्वस्य प्रियोभवेत्

३५३ शक्यार्थमे धातुके उत्तर लोट् होताहै। यथा; सिन्धुमपि शोषयानि (समुद्रकोभी सुखा सक्ताहूं)

३५४ इच्छार्थ धातुके योगमे विधि लिङ् और लोट् होताहै। यथा इच्छामि भवान् भुञ्जीत भुङ्क्ताम् वा, इच्छामि स आगच्छेत् आगच्छतु वा

३५५ क्रियाकी अनिष्पत्ति प्रतीत होनेमे अतीतकालमे धातुके उत्तर लृङ् होताहै। यथा; सचेत् आगमिष्यत् तदाहमगमिष्यम् (जो वह आता तोमैजाता) (अर्थात् वह आयान हि इसलिये मै गयानहिं)

३५६ पौनः पुन्य और अतिशय अर्थमे सब धातुओंके उत्तर सर्व्वकालमे सब पुरुष और सब विभक्तिओंमे लोट् की हित स्व ध्वम् ये विभक्तियें होतीहैं। यथा; पुनः पुनः अतिशयेन वा हरति जहार हरिष्यति इन अर्थोमे हर हरेति हरत हरध्वम्।

इति आख्यात प्रक्रिया॥

इतिद्वितीयभागः ॥ ✢ ॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

सरलव्याकरण

संस्कृतका

हिन्दीभाषामे

श्रीनवीनचन्द्रराय कर्तृक प्रणीत

तृतीयभाग

मित्रविलासयन्त्रलाहौरमें

पण्डितश्रीमुकुन्दरामयन्त्राध्यक्षनेछापा

संम्वत् १९२९ विक्रम सन १८७२ ईस्वी

द्वितीयसंस्करण मूल्य ।।।) १२०० वार

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

कृतप्रकरण

साधारणनियम

१ धातु के उत्तर तव्य निष्ठा प्रभृति कई एक प्रत्यय होते हैं, उन्हे कृत् प्रत्यय कहते हैं।

२ कृत् प्रत्यय होनेसे धातु के अन्त्यस्वर और उपधा लघु स्वर को गुण होता है; परन्तु क् अथवा ङ् इत्(१) होनेसे नहिं होता।

३ कृत् प्रत्यय का ण अथवा ञ् इत् होने से धातु के अन्त्य-स्वर और उपधा अकार की वृद्धि होती है। और आकारान्त धातु के उत्तर य होता है।

४ कृत् प्रत्यय(२) परे होने से णिच् का लोप होता है।

५ कृत् प्रत्यय का घ इत् होनेसे धातु के अन्तस्थित च् के स्थान मे क् और ज के स्थान मे ग् होता है।

६ कृत् प्रत्यय का ख् इत् होने से पूर्व पद द्वितीया का एकवचनान्त होता है।

७ तथा——प इत् होने से ह्रस्व स्वरान्त धातु के उत्तर त् होता है।

८ तथा——य परे होने से धातु के अन्तस्थित ओ के स्थान मे अव और औ के स्थान मे आव होता है।

(१) किसी कार्य्य के निमित्त जो अधिक वर्ण लगाया जाता है उसे इत् कहते हैं, का-र्य्यान्त मे उसका लोप होता है। यथा; ण्यत् प्रत्यय मे ण इत् है।

(२) आलु, इत्नु प्रभृति प्रत्यय परे होने से और इट् के व्यवधान मे णिच् का लोप नहिं होता।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

कृत्यप्रत्यय[१]

१ **तव्य** — कर्म्मवाच्य और भाव वाच्यमे धातु के उत्तर होता है। लुट् विभक्तिमे इट् प्रभृति जो सब कार्य्य होते हैं इसमे भी वे सब होते हैं। यथा; (दा) दातव्य (शी) शयितव्य (कृ) कर्त्तव्य (वच्) वक्तव्य (याच्) याचितव्य इत्यादि।

२ **अनीय** — कर्म्मवाच्य और भाव वाच्यमे। यथा; (पा) पानीय (विद्) वेदनीय।

३ **ण्यत्** — तथा——ऋकारान्त और व्यञ्जन वर्णान्त धातु के उत्तर होता है। यथा; (कृ) कार्य्यम् (वच्) वाच्यम् (सिच्) सेच्यम् (पच्) पाक्यं (रुज्) रोग्यम्।

४ **यत्** — तथा——स्वरान्त धातु के उत्तर होता है। यथा; (चि) चेयम् (भू) भव्यम् (नी) नेयम् (दा) देयम्[२]।

तथा——शक, सह, और पवर्गान्त धातु के उत्तर भी। यथा; शक्यम्, सह्यम्, शप्यम्, गम्यम्, लभ्यम्।

तथा——उपसर्ग हीन गद्, मद्, यम्, चर्, धातुओं के उत्तर भी। यथा; गद्यम्, मद्यम्, यम्यम्, चर्य्यम्।

५ **क्यप्** — तथा——इ, दृ, भृ, वृ, जुष्, शास्, स्तु, प्रभृति धातुओं के उत्तर। यथा; इत्य, दृत्य, भृत्य, वृत्य, जुष्य, स्तुत्य, शिष्य[३], कृत्य, (पक्षे ण्यत्) कार्य्य। ब्रह्मवद्य (पक्षे) ब्रह्मोद्य[४], मृषोद्य[५],

---

(१) कृत्य प्रत्यय साधित शब्द क्रियाकी न्याइ व्यवहृत होनेसे भाव वाच्यमे क्लीव लिङ्ग की प्रथमा के एक वचनान्त होते हैं; और कर्म्मवाच्यमे कर्म्मके विशेषण होते हैं, इसीलिये कर्म्मका जो लिङ्ग जो विभक्ति जो वचन हो वहि लिङ्ग विभक्ति वचन उनके भी होते हैं। यथा; (भाववाच्ये) मया स्थातव्यम् (कर्म्मवाच्ये) त्वया हस्तः सेचनीयः, हस्तौ सेचनीयौ, मया नदी द्रष्टव्या, तेन पुष्पं नेयम्, पुष्पानि नेयानि, इत्यादि। कृत्य प्रत्यय साधित शब्द जब विशेषण होते हैं तब विशेष्यके लिङ्ग विभक्ति वचन को प्राप्त होते हैं। यथा; गन्तव्यो ग्रामः, गन्तव्यम् ग्रामम्, द्रष्टव्या नदी, इत्यादि कृत्य प्रत्यय भविष्यत् काल औचित्य और अनुज्ञा अर्थमे होते हैं। यथा; (भविष्यत्काले) मया गन्तव्यं (मै जाऊंगा) (औचित्ये) असत्सङ्गः परिहर्त्तव्यः (असत्सङ्ग परित्याग करना उचित है) (अनुज्ञायाम्) त्वया अध्ययनीयम् (तुम अध्यायन करना) इत्यादि।

(२) यत् परे होनेसे धातु के अन्त्य आ को ए होता है। (३) शास् के आ को इ होता है।

(४) ब्रह्मन् पदके परवर्त्ती वद् धातुके उत्तर क्यप् और यत् होते हैं और क्यप् पक्षमे व के स्थान उ होता है। (५) मृषा शब्दसे केवल क्यप् होता है।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

ब्रह्मभूय, स्त्रीहत्या।

६ केलिम कर्म्मकर्त्त वाच्यमे। यथा; (भिद्) भिदेलिम, (पच्) पचेलिम, (छिद्) छिदेलिम।

७ शतृ[१] कर्तृवाच्यमे परस्मैपद[२] धातुके उत्तर वर्त्तमान कालमे होताहै। लट् प्रभृति चार विभक्तियोंमे जिसधातुको जो कार्य्य होतेहैं शतृ होनेसे भी तिसधातुको वेहि कार्य्य होंगे। यथा, (भ्वादिगणीय) धावत्, भवत्, जयत्, कर्षत्, भिक्षत्, (दिवादिगणीय) दीव्यत् (क्र्यादि) अश्नत्[३] (णिजन्त) कारयत् (सनन्त) चिकीर्षत् इत्यादि

८ शानच् कर्तृवाच्यमे आत्मनेपद धातुके उत्तर वर्त्तमान कालमे होताहै। शानच् प्रत्ययान्तको लट्के आत्मने विभक्तिके सारे कार्य्य होतेहैं। भ्वादि, दिवादि, और तुदादि गणीय धातुसे शानच्के स्थानमे मान होताहै। यथा, (भ्वादि) सेवमान, वर्त्तमान (दिवादि) जायमान (तुदादि) म्रियमाण (अदादि) शयान (तनादि) मन्वान (ह्वादि) मिमान।

कर्म्मवाच्य धातुके उत्तर भी वर्त्तमान कालमे होताहै। (शानच् को कर्म्मवाच्यमे मान होजाताहै) यथा क्रियमाण, दीयमान इत्यादि[४]।

९ क्वसु अतीत काल और परस्मैपदमे धातुके उत्तर होताहै। (लिट्के उत्तमपुरुषके द्वि वचनमे जो जो कार्य्य होतेहैं क्वसु होनेसे भी धातुको इट् भिन्न सारे कार्य्य होतेहैं) यथा; (श्रु) शुश्रुवस्, बभूवस् (क्वसु होनेसे घस् इन् और आकारान्त धातुके उत्तर इट् होताहै) यथा; जक्षिवस्,

---

(१) शतृ, शानच्, क्वसु, कानच्, स्यतृ, स्यमान, प्रत्ययान्त शब्द विशेषण होतेहैं इसीलिये विशेष्यके लिङ्ग विभक्ति और वचन को प्राप्त होतेहैं। यथा; पश्यन् पुरुषः, पश्यन्तं पुरुषम्, गच्छन्ती स्त्री, शुश्रुवांसं पुरुषं, विविदुषी कन्या, पेतुषा पक्षेण, गमिष्यन् पुरुषः इत्यादि।

(२) कर्तृवाच्यमे उभयपद धातुके उत्तर शतृ और शानच् दोनो होतेहैं। (३) अदादि गणीय विद् धातुसे शतृके स्थानमे विकल्प करके वस् होताहै। यथा विद्वस्, विदत्। (४) अदादिगणीय आसधातुसे शानच्के स्थानमे ईन होताहै। यथा (आस) आसीन

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

ईयिवस, नश्यिवस, ॥ (अभ्यासकार्य्यसे पर जो सब धातु एक स्वर विशिष्ट रहजाते हैं क्वसु प्रत्यय परे होनेसे तिन धातुओं के उत्तर इट् होताहै) यथा; पेचिवस, आदिवस, ऊचिवस, क्वसु परे होनेसे गम, हन, विश, दृश, और विद धातुओंके उत्तर विकल्प करके इट् होताहै। यथा; (गम्) जग्मिवस, जगन्वस, (हन) जघ्निवस, जघन्वस, इत्यादि।

१० कानच् अतीत काल और आत्मने पदमे धातुके उत्तर होता है (लिट् के आते विभक्तिमे जो २ कार्य्य होतेहैं कानच् होनेसे भी वेहि कार्य्य होतेहैं) यथा रुरुचान ववन्दान ऊचान।

११ स्यत् कर्तृवाच्यमे परस्मैपद धातुके उत्तर भविष्यत्कालमे होताहै (लृट् विभक्तिमे गुण इट् प्रभृति जो जो कार्य्य होतेहैं स्यत् स्यमान परे होनेसे भी वेहि होतेहैं) यथा भविष्यत्, जेष्यत्, कारयिष्यत्।

१२ स्यमान तथा आत्मने पद धातु के उत्तर तथा यथा सेविष्यमाण, वर्त्तिष्यमाण, पक्ष्यमान इत्यादि तथा —— कर्म्मवाच्यमे भी धातुके उत्तर भविष्यत्कालमे होताहै। यथा; ज्ञायिष्यमाण, ज्ञास्यमान कारिष्यमाण, करिष्यमाण, वक्ष्यमाण।

१३ तुमुन् दो क्रियाका एक कर्त्ता होनेसे दोनोके बीच निमित्त अर्थ बोधक धातुके उत्तर होताहै (तुमुन् परे होनेसे लुट के सारे कार्य्य होतेहैं) यथा द्रष्टुंयाति, अध्येतुमिच्छति, कारयितुम्, इत्यादि।

तथा —— समर्थार्थक और कालवाचक शब्दोंके योगमे भी धातुके उत्तर होताहै। यथा; वोढुं समर्थः; भोक्तुं पटुः नर्त्तितुंनिपुणः; कारयितुं कुशलः; योजयितुं प्रवीण

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

न्तुं समर्थोऽयम्, अध्येतुं कालोऽयम्।

१४ णमुल् पौनःपुन्य अर्थमें पूर्वकालिक क्रियावाचक धातु के उत्तर होता है। यथा; (स्मृ) स्मारम्, श्रावम्, नामम्, भोजम्, मर्शम्, हासम् (प्रयोगकालमें णमुल प्रत्ययान्त शब्द को द्वित्व होता है) यथा; स्मारं स्मारम्, घातं घातम्।

तथा सोप पद धातुओंके उत्तर भी होता है विविध अर्थोंमे। यथा; अन्यथा कारम्, एवङ्कारम्, कथङ्कारम्, इत्यङ्कारम्। दरिद्रदर्शं ददाति (सर्व्वान् दरिद्रान् दृष्ट्वा ददातीत्यर्थः) यावज्जीवमधीते। उदरपूरं[1] भुङ्क्ते (उदरं पूरयित्वा भुङ्क्ते इत्यर्थः) समूलकाषं कषति[2] समूलघातं हन्ति। जीवग्राहं गृह्णाति, हस्तग्राहं गृह्णाति। स्वपोषं[3] पुष्णाति, धनपोषम् पुष्णाति (स्वेन पुष्णाति धनेन पुष्णातीत्यर्थः)। ऊर्द्ध्वशोषं शुष्यति तरुः (तरुरूर्द्ध्व इव तिष्ठन् शुष्यतीत्यर्थः)। विद्युत् प्रणाशं प्रनष्टः (विद्युदिव क्षणेनैव विनष्ट इत्यर्थः)। इत्यादि।

१५ ल्यप्[5] नञ्भिन्न अव्ययके साथ समास होनेसे पूर्वकालिक क्रिया वाचक धातुके उत्तर होता है। यथा, आ+घ्रा=आघ्राय नि+शाम=निशाम्य।

(ल्यप् होनेसे धातुके अन्त्यस्वर और उपधा लघुस्वरको गुण नहिं होता) यथा वि+जि=विजित्य, द्विधा+कृ=द्विधाकृत्य, वि+शिष=विशिष्य, आ+हन्[6]=आहत्य, सम्+यम्=संयम्य (वा) संयत्य, आ+सन्ज[7]=आसज्य, आ+प्रच्छ[8]=आपृच्छ्य, सम्+ग्रह=संगृह्य, आ+ह्वा=आहूय[9],

(१) कर्मवाचक। (२) क्रियाविशेषणवाचक। (३) ऐसे प्रयोगोंमे जो धातु णमुलान्त हैं उन्हीका आगे भी प्रयोग होता है। (४) कारणबोधक। (५) तुमुन् णमुल और ल्यप् प्रत्यय निष्पन्न शब्द अव्यय होते हैं इसीलिये इनके उत्तर विभक्ति नहिं होती, ये असमापिका क्रिया होती हैं। (६) हनादि धातुके न को त होता है ल्यप् होनेसे और यमादिके म को विकल्प करके त होता है। (७) सन्ज प्रभृतिके न को लोप होता है। (८) प्रच्छ और ग्रहके र को ऋ होती है ल्यप् परे होनेसे। (९) ह्वा को हू और ति को ही होती है।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

प्र + ति = प्रतीय, सम् + स्वप्[1] = संसुप्य, प्र + वच् = प्रोच्य, सम् + वप् = समुप्य, अधि + वस् = अध्युष्य, प्र + वह् = प्रोह्य, अनु + वद् = अनूद्य, वि + कॄ[2] = विकीर्य्य, नि + मीलि[3] = निमील्य, वि + रचि = विरचय्य[4], प्र + आपि = प्राप्य (वा) प्रापय्य

१९ क्त
२० क्तवतु } धातुके उत्तर अतीत कालमे होते हैं, इन्को निष्ठा कहते हैं।

(तिङन्त प्रकरण के साधारण नियमोंसे जो सब कार्य्य होते हैं निष्ठा[5] प्रत्यय परे होनेसे भी यथा सम्भव वे सब कार्य्य होते हैं) यथा (शक) शक्तः शक्तवान् (शिष) शिष्टः शिष्टवान्

(तिङन्त प्रकरणमे जो सब धातु सेट् या अनिट् कहे गयेहैं निष्ठामे भी वैसेहि होते हैं) यथा (ख्या) ख्यातः ख्यातवान् (लिख) लिखितः लिखितवान् (णीच् का लोप होताहै निष्ठाके सहित इट् परे होनेसे) यथा (कारि) कारितः कारितवान् (पी) पायितः[6] पायितवान् (श्रि) श्रितः श्रितवान् (हृ) हृतः हृतवान् (यु) युतः युतवान्[7], (धु) धुतः धुतवान्, (दीप) दीप्तः[8] दीप्तवान्, त्रस्तः त्रस्तवान्, (और प्रकरणोंमे जिन धातुओंके उत्तर इट् विकल्प करके होताहै निष्ठामे वे अनिट् रहते हैं) यथा (इष्) इष्टः (गुप्) गुप्तः (दिव्) द्यूतः, स्यूतः, स्नुतः, । क्रान्तः तान्तः । गतः हतः यतः रतः ततः नतः मतः । खातः जातः सातः । (दनश) दष्टः (रन्ज) रक्तः (सन्ज) सक्तः । (छिद्[9])

(१) स्वपादिके व् और अ के स्थानमे उ होताहै। (२) धातुके ऋ को ई र् होताहै। (३) णिच् का लोप होताहै। (४) णीच् का पूर्व्ववर्त्ती स्वर लघु होनेसे णीच् के स्थानमे अय होताहै, आप् धातु को विकल्प करके होताहै। (५) क्त्वा क्तिन् प्रत्यय परे होनेसे भी। (६) आगे जिन धातुओंके जैसे प्रयोग लिखेंगे वैसेहि कार्य्य होते हैं। (७) निष्ठामे उकारान्त और ऊकारान्त के उत्तर इट् नहिं होता। (८) गणपाठमे जो ईदित धातु हैं उन्से भी इट् नहिं होता। (९) धातुके अन्त्य दकार और निष्ठाके तकारको न होता है मद धातु को नहि॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

क्लिन्नः, क्लिन्नवान्। मत्तः मत्तवान्। (हन्[1]) हन्नः (क्षि) क्षीणः। (शॄ) शूर्णः[2] (चूर्) चूर्णः चूर्णवान्। (कॄ[3]) कीर्णः कीर्णवान्। ग्लानः म्लानः घ्राणः स्त्यानः। (ह्री) ह्रीणः ह्रीतः (नुद) नुन्नः नुत्तः (विन्द) वित्तः विन्नः। क्लिष्टः क्लिशितः; हृष्टः, हर्षितः, संघुष्टः, संघुषितः; रुष्टः, रुषितः; विश्वस्तः, विश्वसितः; आश्वस्तः आश्वसितः; जप्तः जपितः।

(छादि) छन्नः, छादितः (ज्ञपि) ज्ञप्तः ज्ञपितः। (स्फाय) स्फीतः स्फातः (प्या) पीनः प्यानः (मा) मितः (सा) सितः (शा) शितः शातः (दा) दितः (धा) हितः (स्वरान्त उपसर्ग + दा) आदत्तः आत्तः (यज) इष्टः (व्यध) विद्धः। (ग्रह) गृहीतः (प्रच्छ) पृष्टः (भ्रस्ज) भृष्टः। (श्वि) शूनः (ह्वा) हूतः। (वच्) उक्तः (वस्) उषितः (वद) उदितः (वप) उप्तः (वह) ऊढः (स्वप) सुप्तः (गा) गीतः (पा) पीतः (हा) हीनः। (क्षै) क्षामः (पच) पक्वः (शुष) शुष्कः।

क्तवतु[4] कर्तृवाच्यमे होता है इसीलिये तन्निष्पन्न शब्द कर्त्ता का विशेषण होताहै। यथा, स पुस्तकं पठितवान्। तौ पुस्तकं पठितवन्तौ। सा चन्द्रं दृष्टवती। वृक्षात् फलानि पतितवन्ति।

क्त ...... कर्म्मवाच्यमे सकर्म्मक धातुके उत्तर होताहै; इसीलिये तन्निष्पन्न शब्द कर्म्मका विशेषण होताहै। यथा; कुम्भकारेण घटौ कृतौ; मालिना पुष्पाणि चितानि।

क्त ...... कर्तृवाच्यमे अकर्म्मक धातुके उत्तर होताहै। यथा

(१) ओकारेत् धातुओंसे परे निष्ठाके तको न होताहै। (२) रसे परे निष्ठाके तको न होता है। (३) धातुके अन्त्य ऋको ईर् होताहै। (४) जब क्तवतु और क्त प्रत्यय निष्पन्न शब्द समापिका क्रिया की न्याईं प्रयुक्त न होकर केवल विशेषण स्वरूप प्रयुक्त होते हैं तबविशेष्यके लिङ्ग-वचन और विभक्ति को प्राप्त होते हैं; यथा भीतः शिष्यः; भीतं शिष्यम् भीतेन शिष्येन इत्यादि।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

सञ्जागरितः, सारलङ्घितः, जले शुष्कम्।
तथा गमनार्थ धातुके उत्तर भी होता है। यथा, संग्रामं गतः
तथा शी, स्था, आस, वस, श्लिष, रुह इन धातुओंका उपसर्गके सहित योग होकर सकर्म्मक होने से भी। यथा, स गृहमधिशायितः। पिता पुत्र माश्लिष्टः।

क्त[1] .... भाववाच्यमे सब धातुके उत्तर होता है। यथा; शिशुभिः हसितम्

१८ क्त्वा[2] दो क्रियाका एक कर्त्ता होनेसे पूर्व्वकालिक क्रियाबोधक धातुके उत्तर होता है। यथा (ज्ञा) ज्ञात्वा (निष्ठा मे जिन नियमोंसे इट् होता है क्त्वा मे भी उन्ही नियमों से होता है[3]) यथा (स्ना) स्नात्वा (पठ) पठित्वा (इट् होनेसे धातुके अन्त्यस्वर और उपधा लघुस्वरको गुण होता है[4]) यथा (शी) शयित्वा (कारि) कारयित्वा (जान्त थान्त और फान्त धातुओं के उपधा नकार को विकल्प करके लोप होता है[5]) यथा (भन्ज) भक्त्वा भङ्क्त्वा इत्यादि। (त्यागार्थ हाको हि) हित्वा।
निषेध अर्थमे अलं और खलु शब्दके योगमे भी धातुके उत्तर होता है। यथा; अलं गत्वा, खलु उक्त्वा।

१९ क्तिन् भाव वाच्यमे धातुके उत्तर होता है। क्तिन् प्रत्यय निष्पन्न शब्द स्त्री लिङ्ग होता है। यथा, (ख्या) ख्यातिः

(१) भाव वाच्यके क्त निष्पन्न शब्द जब समापिका क्रियाकी न्याई व्यवहृत होते हैं तब नित्य क्लीब लिङ्ग की प्रथमा के एक वचनान्त होते हैं। यथा तेन कृतम्, ताभ्याम् कृतम्। और जब विशेष्य शब्दकी न्याई व्यवहृत होते हैं तब उनके रूप अकारान्त क्लीव लिङ्ग शब्दकी न्याई होते हैं। यथा, गतम् गते गतानि। (२) क्त्वा प्रत्यय निष्पन्न शब्द अव्यय होते हैं, और असमापिका क्रिया। (३) पू और क्लिश धातुके उत्तर विकल्पकरके इट् होता है। यथा, पवित्वा, पूत्वा, क्लिशित्वा, क्लिष्ट्वा। और उकारेत् धातुओंको भी विकल्पकरके इट् होता है। यथा, क्रमित्वा क्रान्त्वा। (४) रुदादिकों को गुण नहि होता। यथा रुदित्वा, मृदित्वा, रुदित्वा, विदित्वा, मुषित्वा, और मिलि, लिख, स्निम, कुष, लुध, तुट, द्युत, रुच, स्फुट, क्लिश, तृष, और मृष, धातुओंको विकल्पकरके गुण होता है। यथा, मिलित्वा, मेलित्वा, इत्यादि। (५) वन्च और लन्च धातुओंके नकोभी विकल्पकरके लोप होता है। यथा, वचित्वा, वञ्चित्वा, लचित्वा, लञ्चित्वा॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

(गा) गीतिः (चि) चितिः (शक्) शक्तिः (पद्) पत्ति (दृश्) दृष्टिः (ग्ला, म्ला, हा, प्रभृति धातुओंके उत्तर ति के स्थानमे नि होती है) यथा ग्लानिः, म्लानिः, हानिः;

२० णक कर्तृवाच्यमे धातुके उत्तर होताहै। यथा (नी) नायकः (लिप) लेपकः (योजि) योजकः।

तथा भविष्यत्कालमे निमित्त अर्थ होनेसे। यथा भोजको व्रजति (भोजन करनेके निमित्त जाता है)

२१ षक कर्तृवाच्यमे शिल्पी अर्थ होनेसे नृत, खन, और रञ्ज धातुके उत्तर होताहै। यथा (नृत्) नर्त्तकः (खन) खनकः (रञ्ज) रजकः।

२२ णनट और थक तथा गाधातुके उत्तर होताहै। यथा गायनः, गाथकः।

२३ तृच् कर्तृवाच्यमे धातुके उत्तर होताहै[१]। यथा (दा) दाता (जि) जेता (हन) हन्ता, (सिच) सेक्ता, (लुट् विभक्ति मे जिन धातुओंके उत्तर जिन नियमोंसे इट् होताहै, तृच प्रत्यय परे होनेसे भी उन्ही धातुओंके उत्तर उन्ही नियमों से होताहै) यथा (भू) भविता (कारि) कारयिता (दिव) देविता।

२४ अण तथा कर्म्मवाचक पदके परवर्ती धातुके उत्तर होता है। यथा (कुम्भंकरोति) कुम्भकारः, तन्तुवायः, सूत्रधारः,

